www.sanjanabharati.com
दिल्ली और गौतम बुद्ध नगर से प्रकाशित। हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड व उत्तराखंड में प्रसारित
facebook.com/Sanjanabharati

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# संजना भारती

RNI No. : DELHIN/2016/70240

आपका भरोसा, हमारी ताकत



आपका वोट, आपकी आवाज है। देशहित में अपना मतदान अवश्य करें

2 राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष...
3 शानदार कार्यकाल के लिए सेन्ट्रल बार के निवर्तमान...
4 प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास...

वर्षः 9 | अंकः 102 | दिल्ली, बुधवार, 5 फरवरी 2025 | पृष्ठ संख्याः 4 | मूल्यः 1 रुपया

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री 5 फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ मेले का भ्रमण करेंगे

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 5 फरवरी को प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 का भ्रमण करेंगे। पूर्वाह्न करीब 11 बजे वह संगम में पवित्र स्नान करेंगे और मां गंगा की पूजा-अर्चना करेंगे। पौष पूर्णिमा (13 जनवरी, 2025) से चल रहा महाकुंभ 2025 दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम है, जिसमें दुनिया भर से श्रद्धालु आते हैं। महाकुंभ 26 फरवरी को महाशिवरात्रि तक जारी रहेगा। भारत की आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और संरक्षित करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री ने तीर्थ स्थलों पर बुनियादी ढांचे और सुविधाओं को बढ़ाने के लिए लगातार सक्रिय कदम उठाए हैं। इससे पहले, 13 दिसंबर, 2024 को प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री ने आम जनता के लिए कनेक्टिविटी, सुविधाओं और सेवाओं में सुधार करते हुए 5,500 करोड़ रुपये की 167 विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया था।

### सामजवादी पार्टी महाकुंभ पर झूठ फैला रही है- योगी आदित्यनाथ

**उत्तर प्रदेश (एजेन्सी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को महाकुंभ में भगदड़ पर की गई टिप्पणी के लिए अखिलेश यादव की आलोचना की और कहा कि सामजवादी पार्टी महाकुंभ पर झूठ फैला रही है। उन्होंने कहा कि सनातन और प्रयागराज की घटना के खिलाफ बोलने के लिए कांग्रेस और सपा ने हाथ मिला लिया है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि सपा और कांग्रेस सतनात विरोधी हैं। कांग्रेस अध?यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का बयान शर्मनाक है। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष का यह वक्तव्य हास्यास्पद है। अखिलेश पर पलटवार करते हुए योगी ने कहा ये लोग 12 बजे सोकर उठते हैं, पार्टी कार्यालय जो उन्हें प्रेस नोट बनाकर देता है, वही पढ़ देते हैं। हमने बार-बार कहा है कि 40-45 करोड़ लोग स्नान यहां करेंगे। उन्होंने कहा कि यह लोग पहले दिन से चाहते थे की महाकुंभ में कोई अनहोनी हो। उन्होंने कहा कि अखिलेश का चरित्र सनातन विरोधी है। महाकुंभ की घटना पर शरारती तत्व झूठ फैला रहे हैं। सीएम ने दावा किया कि शरारती तत्व चाह रहे थे कि घटना और ज्यादा बड़ी हो जाए। खड़गे और अखिलेश पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं में सनातन धर्म के खिलाफ बयान देने की होड़ लगी हुई है की कौन कितनी ज्यादा सनातन धर्म के खिलाफ बयानबाजी करे। उन्होंने कहा कि संसद में इन्होंने जो बयान दिया है यह इनकी सनातन धर्म विरोधी चरित्र को दिखाता है और यह बताता है की यह सनातन धर्म से कितनी नफरत करते हैं। महाकुंभ पर इनकी गिद्ध दृष्टि लगी हुई थी। भगदड़ को लेकर योगी ने कहा कि यह एक दुखद घटना थी। मेला प्रशासन, पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

### पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' रखने की मांग

**पश्चिम बंगाल (एजेन्सी)।** तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल का नाम बदलकर 'बांग्ला' करने की मांग करते हुए कहा कि इसमें राज्य के इतिहास और संस्कृति की झलक मिलती है। राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाते हुए, पार्टी सांसद रीताब्रत बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा ने जुलाई 2018 में राज्य का नाम बदलने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया था, लेकिन केंद्र अभी तक इस पर सहमत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि 'पुनः नामकरण हमारे राज्य के इतिहास, संस्कृति और पहचान के अनुरूप होगा और हमारे लोगों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करेगा। 1947 के विभाजन ने बंगाल को विभाजित कर दिया। भारतीय हिस्से को पश्चिम बंगाल कहा गया और दूसरे हिस्से को पूर्वी पाकिस्तान नाम दिया गया। 1971 में पूर्वी पाकिस्तान ने स्वतंत्रता की घोषणा की और बांग्लादेश के रूप में एक नए राष्ट्र का गठन हुआ। उन्होंने कहा कि आज कोई पूर्वी पाकिस्तान नहीं है। हमारे राज्य का नाम बदलने की जरूरत है। पश्चिम बंगाल के लोगों के जनादेश का सम्मान करने की जरूरत है। किसी भी राज्य का नाम आखिरी बार 2011 में बदला गया था, जब उड़ीसा ओडिशा बन गया था। पिछले कुछ वर्षों में कई शहरों के नाम में बदलाव देखा गया है। इनमें बॉम्बे शामिल है, जिसे 1995 में मुंबई में बदल दिया गया, 1996 में मद्रास को चेन्नई, 2001 में कलकत्ता को कोलकाता और 2014 में बैंगलोर को बेंगलुरु कर दिया गया। बीजद के देबाशीष सामंतराय ने बाली यात्रा को राष्ट्रीय त्योहार का दर्जा देने की मांग की।

# दिल्ली विस चुनावः वोटिंग आज, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

## अर्धसैनिक बलों की 220 कंपनियां, दिल्ली पुलिस के 35,626 जवान और 19,000 होमगार्ड तैनात

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव 2025 के लिए वोटिंग 5 फरवरी को होने वाली हैं। 70 सदस्यीय दिल्ली विधानसभा का कार्यकाल 23 फरवरी को समाप्त हो रहा है। 8 फरवरी को दिल्ली चुनाव के नतीजे आएंगे। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार, दिल्ली में मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा। पात्र मतदाता निर्धारित मतपत्र में अपना वोट डाल सकेंगे। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी लगातार तीसरे कार्यकाल का लक्ष्य बना रही है। वहीं, लंबे इंतजार के बाद दिल्ली की गद्दी पर कब्जा जमाने के लिए भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) कड़ी टक्कर दे रही है। कांग्रेस दिल्ली में फिर से उभरने की उम्मीद लगाए हुए हैं।

निर्वाचन आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए अर्धसैनिक बलों की 220 कंपनियां, दिल्ली पुलिस के 35,626 जवान और 19,000 होमगार्ड तैनात किए हैं। लगभग तीन हजार मतदान

### मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होगा

केंद्रों को संवेदनशील के रूप में चिह्नित किया गया है और इनमें से कुछ स्थानों पर ड्रोन निगरानी समेत विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। दिल्ली पुलिस के अनुसार, संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे। उसने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल (क्यूआरटी) भी तैनात रहेंगे।

बुधवार को सुबह सात बजे से 1.56 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 13,766 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसमें 699 उम्मीदवारों की चुनावी किस्मत का फैसला होगा। यह मुकाबला राष्ट्रीय राजधानी के राजनीतिक परिदृश्य को नया रूप दे सकता है। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में आप अपनी कल्याणकारी



नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित एक वितरण केंद्र से दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 के लिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और अन्य आवश्यक चुनाव संबंधी सामग्री ले जाते हुए मतदान अधिकारी। (स्त्रोतः पीआईबी)



योजनाओं के दम पर लगातार तीसरी बार सत्ता में आने की कोशिश कर रही है। दूसरी ओर, भाजपा 25 वर्षों से अधिक समय के बाद राजधानी में फिर से सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। दिल्ली में 2013 तक 15 साल तक शासन करने वाली कांग्रेस पिछले दो विधानसभा चुनाव में एक भी सीट जीतने में विफल रहने के बाद वापसी की कोशिश कर रही है।

सोमवार शाम छह बजे आधिकारिक रूप से समाप्त हुए चुनाव प्रचार में तीन मुख्य दावेदारों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। आप ने अपने शासन मॉडल पर ध्यान केंद्रित किया और अरविंद केजरीवाल तथा मुख्यमंत्री आतिशी ने पूरे शहर में रैलियां कीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जैसे दिग्गजों के नेतृत्व में भाजपा ने भ्रष्टाचार के आरोपों और कानून-व्यवस्था के मुद्दों को लेकर आप पर निशाना साधा। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने भी जोरदार प्रचार किया और विभिन्न मुद्दों पर आप और भाजपा दोनों पर हमला बोला। चुनाव प्रचार के दौरान शीश महल विवाद, यमुना के पानी की गुणवत्ता, शासन, कानून-व्यवस्था, महिला कल्याण और मतदाता सूची से छेड़छाड़ के आरोप जैसे मुद्दों को जोरदार ढंग से उठाया गया।

चुनाव पूर्व वादों में मुफ्त में सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने का मुद्दा भी हावी रहा। 'आप' ने छात्रों के लिए मुफ्त बस यात्रा, ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए बीमा और मंदिर के पुजारियों तथा गुरुद्वारों के ग्रंथियों को 18,000 रुपये की वित्तीय सहायता देने का वादा किया है।

दूसरी ओर, भाजपा ने गर्भवती महिलाओं के लिए 21,000 रुपये की वित्तीय सहायता और 500 रुपये में सब्सिडी वाले रसोई गैस सिलेंडर देने का वादा किया है, जबकि कांग्रेस ने 8,500 रुपये का मासिक बेरोजगारी भत्ता देने की प्रतिबद्धता जताई है। आठ फरवरी को आने वाले चुनाव परिणामों से साफ होगा कि क्या 'आप' अपनी सरकार बरकरार रख पाती है, भाजपा अपनी हार का सिलसिला तोड़ पाती है या कांग्रेस कोई चौंकाने वाला नतीजा दे पाती है।

# हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 2024 को मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी



**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा वन्य जीव (संरक्षण) नियम, 2024 को मंजूरी दी गई। नए नियमों के तहत वन्यजीव विभाग से संबंधित विभिन्न प्रकार के परमिट प्राप्त करने के लिए मानदंड स्थापित किए गए हैं। हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 1974 को वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के प्रावधानों के तहत निरस्त कर दिया गया है, और हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 2024 को हरियाणा सरकार द्वारा अनुमोदित किया गया। हरियाणा वन्यजीव (संरक्षण) नियम, 2024 के तहत वन्यजीव विभाग से परमिट और अनुमोदन प्राप्त करने की प्रक्रिया के संबंध में जनता के लिए दिशा-निर्देश और प्रक्रियाएं तैयार की गई हैं।

ये नियम वन्यजीव शिक्षा, वैज्ञानिक अनुसंधान या वैज्ञानिक प्रबंधन से संबंधित परमिट देने के लिए विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप प्रदान करते हैं। वे विशेष उद्देश्यों के लिए निर्दिष्ट पौधों के संरक्षण के लिए परमिट देने की प्रक्रियाओं और प्रारूपों को भी रेखांकित करते हैं।

इसके अलावा, इन नियमों के तहत, अभयारण्यों की सीमाओं के भीतर भूमि पर सर्वेक्षण या जांच करने के लिए लोगों के लिए एक विस्तृत प्रक्रिया और निर्धारित प्रारूप भी बनाया गया है। इन नियमों में हथियार रखने वाले व्यक्तियों की पंजीकरण प्रक्रिया के लिए भी प्रावधान हैं। इसके अतिरिक्त, ये नए नियम वन्यजीव जानवरों, लेखों और ट्राफियों के व्यापार या वाणिज्य के लिए विस्तृत प्रक्रियाओं और निर्धारित प्रारूपों सहित पूरी प्रक्रिया को परिभाषित करते हैं।

ये नियम कानून के तहत अपराधों का संज्ञान लेने के लिए शक्तियों और प्रक्रियाओं को भी परिभाषित करते हैं, साथ ही इसके लिए निर्धारित प्रारूप भी बनाते हैं।

# सीएम ने महाकुंभ के लिए मीडियाकर्मियों की बसों को झंडी दिखाकर किया रवाना

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां महाकुंभ प्रयागराज के लिए मीडियाकर्मियों की 2 बसों को झंडी दिखाकर रवाना किया और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा जनता की सुविधा के लिए महाकुंभ प्रयागराज के लिए विशेष बसें चलाई जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए देश के महत्वपूर्ण तीर्थ स्थलों के दर्शन कराए जाते हैं। महाकुंभ मेले के दर्शन व पवित्र स्नान में शामिल होने के लिए वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा हेतु राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना का विस्तार करते हुए महाकुंभ को इस योजना में शामिल किया है। गणतंत्र दिवस के अवसर पर महाकुंभ के लिए पहले जत्थे को रवाना किया था। इस योजना के तहत प्रदेशभर से अब तक बड़ी संख्या में यात्री अयोध्या सहित अन्य




तीर्थ स्थलों का भ्रमण कर चुके हैं।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार की ओर से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को मुफ्त तीर्थ यात्रा करवाई जाती है जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 1 लाख 80 हजार रुपये से कम होती है। श्रद्धालुओं को मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के सरल पोर्टल पर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य है कि गरीब परिवारों को भी देवस्थानों के दर्शन का लाभ मिले, इससे पवित्र कार्य कोई नहीं है।

इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द शर्मा और सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग और मीडिया सचिव प्रवीण आत्रेय भी उपस्थित थे।

# कैंसर की रोकथाम के लिए प्रदेश सरकार कर रही है व्यापक प्रयासः आरती सिंह राव

## पंचकूला में राज्य स्तरीय सेमिनार आयोजित

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव ने कहा कि राज्य में कैंसर के मामलों में हो रही वृद्धि को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार कैंसर की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। इसके इलाज के लिए एक सशक्त और समग्र दृष्टिकोण अपनाया जा रहा है। राज्य में दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले कैंसर के मरीजों को भी इलाज की सुविधा पहुंचाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

स्वास्थ्य मंत्री ने विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर लोगों को इस बीमारी के प्रति जागरूक होने का सन्देश दिया। पंचकूला में कैंसर दिवस के अवसर पर राज्य स्तरीय सेमिनार भी आयोजित किया गया।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा रोडवेज की बसों में कैंसर के मरीजों को फ्री यात्रा तथा पेंशन की सुविधा दी है। इसके तहत वर्ष 2024-25 में ऐसे मरीजों के लिए 9408पास जारी किये गए और 3428 मरीजों को मासिक पेंशन दी गई है। उन्होंने बताया कि आज विश्व



कैंसर दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में जागरूकता रैलियों, सेमिनारों और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करके जागरूक किया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि कैंसर की रोकथाम के लिए कुछ जरूरी उपाय हैं, जिन्हें अपनाकर इस बीमारी के खतरे को कम किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि तंबाकू और शराब का सेवन कैंसर के प्रमुख कारणों में से एक है। इनसे दूर रहकर कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने सुझाव दिया कि फल, सब्जियां और साबुत अनाज से भरपूर आहार लेना चाहिए। प्रोसेस्ड और रेड मीट के सेवन से बचना चाहिए। प्रतिदिन फिजिकल एक्टिविटी व योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। नियमित व्यायाम करने से कैंसर का खतरा कम होता है।

स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ मनीष बंसल ने इस अवसर पर कहा विश्व कैंसर दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को कैंसर से बचाव के लिए प्रारंभिक जांच करवाने व स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के बारे में जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि इस बार 'वर्ल्ड कैंसर डे' की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनिक' है। इस थीम का उद्देश्य लोगों को यह समझाना है कि कैंसर सिर्फ इलाज से नहीं जीता जा सकता है, बल्कि यह एक लड़ाई है जिसे लोगों के साथ मिलकर लड़ना और जड़ से उखाड़ फेंकना है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हर व्यक्ति कैंसर के खिलाफ लड़ाई में अपना योगदान दे सकता है।

### संविधान को मजबूती देने के लिए संविधान की भावना को जीना पड़ता है-मोदी

**नई दिल्ली (एजेन्सी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हम संविधान को जीते हैं। उन्होंने कहा कि संविधान में जो धाराएं हैं, एक स्पिरिट भी है। मोदी ने कहा कि संविधान को मजबूती देने के लिए संविधान की भावना को जीना पड़ता है। हम वो लोग हैं जो संविधान को जीते हैं। मोदी ने कहा कि 2014 में जब हम आए, तब मान्य विपक्ष नहीं था। उतने अंक लेकर भी कोई नहीं आया था। भारत के अनेक कानून ऐसे थे कि हमें पूरी स्वतंत्रता थी उस कानून के हिसाब से काम करने की। अनेक कमेटियां भी ऐसी थीं, जिसमें लिखा था विपक्ष के नेता उसमें आएंगे, लेकिन विपक्ष कोई था ही नहीं। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि ये हमारा संविधान जीने का स्वभाव था, हमने तय किया कि भले मान्य विपक्ष नहीं होगा, लेकिन जो सबसे बड़े दल का नेता है, उसे मीटिंग्स में बुलाएंगे। उन्होंने कहा कि जब सत्ता सेवा बन जाए, तो राष्ट्र निर्माण होता है। जब सत्ता को विरासत बना दिया जाए, तो लोकतंत्र खत्म हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम संविधान की भावना को लेकर चलते हैं, हम जहर की राजनीति नहीं करते हैं। हम देश की एकता को सर्वोपरि रखते हैं और इसलिए सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा 'स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनाते हैं। जो दुनिया की सबसे ऊंची प्रतिमा है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि सात दशक तक जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को संविधान के अधिकारों को अलग रखा गया। ये संविधान के साथ भी अन्याय था और जम्मू-कश्मीर-लद्दाख के साथ भी अन्याय था। हमने अनुच्छेद 370 की दीवार गिरा दी। अब जम्मू-कश्मीर-लद्दाख को देशवासियों को जो अधिकार हैं, वो अधिकर उन्हें मिल रहे हैं। हम संविधान के महात्म्य को जानते हैं। संविधान की भावना को जीते हैं, इसलिए ऐसे मजबूत निर्णय भी हम करते हैं।

# कुंभाभिषेक महानुष्ठान के चौथे दिन शंकराचार्य ने किया सूर्य पूजन

## शंकराचार्य ने स्वर्ण शिखर को नमन किया

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** अन्नपूर्णा मंदिर में चल रहे नौ दिवसीय कुमाभिषेक महाअनुष्ठान के चौथे दिन शंकराचार्य विधु शेखर भारती स्वामी जी अन्नपूर्णा मंदिर पहुंचे। इससे पहले ढूंढिराज गणपति का दर्शन किए। अन्नपूर्णा मंदिर प्रवेश द्वार पर शहनाई व मंत्रो चार के बीच शंकराचार्य का स्वागत हुआ। महंत शंकरपुरी ने कलश देकर स्वागत कर माला अपर्ण किया उस दौरान पुष्पा वर्षा के साथ मंत्र संखनाद गुज रहें थे। शिखर को नमन करते हुए गर्भ गृह में गए जहां देवी अन्नपूर्णा को नमन कर एक वस्त्र भेट किये और पूजन के बाद भगवती की आरती उतारी। मंदिर में सूर्य नारायण विग्रह का शविधि दर्शन कर सूर्य नरायण भगवान की आरती उतारी, फिर बाहर दीवाल पर बने अन्नपूर्णा देवी के चित्र को देख प्रभावित हुये। मंदिर भ्रमण करते हुये मंदिर के छत पर जा कर स्वर्ण शिखर निहारे और नमन किए।

नव दिवसीय अनुष्ठान में कुमकुमअर्चम पूजा के अवलोकन पश्चात मंदिर में मौजूद यंत्रश्वर महादेव का दर्शन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान किए।

**अनुष्ठान के कार्यक्रम में मौजूदगीः** वेद से ये रहें प्रो पतंजलि मिश्र, पुराण से ये रहें प्रो माधव जनार्दन रटाटे, सयोजक डा राम नरायण द्विवेदी, रमाशंकर पांडे, प



मनीकुमार झा यजूर वेद, श्रीकांत पाठक यजूरवेद, अनंत भट्ट ऋग्वेद, बलंदुनाथ मिश्र श्यामवेद, श्रीनिवास पूरनिक जी काणव वेद, प गोपाल रटाटे अथर्व वेद, मंदिर से रहें नीलकंठ से आये शिवानंद गिरी, प्रदीप श्रीवास्तव, धीरेन्द्रसिंह, राकेश तोमर व मंदिर परिवार रहा।

**श्रृंगेरी मठ से मौजूदगीः** यज्ञ शुबर्मनियम, पी ए मुरली, चल्ला अन्नपूर्णा प्रसाद, चल्ला जगरनाथ प्रसाद, चल्ला विद्याशंकर, चल्ला अभिनव, चल्ला चिंतामणि गणेश, केवी रमन, आर शिवा अनंत, शेखर द्रविन राघव घनपाठी श्रीनिवास पुराणिक, पाण्डुर्म पुराणिक उतकर्ष रटाटे रहें।

# हरियाणा से कुंभ मेले के लिए बस सेवा शुरू होगीः अनिल विज

**संजना भारती संवाददाता**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के परिवहन मंत्री श्री अनिल विज ने महाकुंभ प्रयागराज के लिए विशेष बस सेवा की घोषणा की है, जो हरियाणा के सभी जिलों से चलाई जाएगी। यह बस सेवा 5 फरवरी से शुरू होगी। हर जिला मुख्यालय के मुख्य बस स्टैंड से सुबह 10 से 12 बजे के बीच चलकर यह बसें अगले दिन सुबह 5:00 बजे से 6:00 बजे के बीच प्रयागराज पहुंचेगी और शाम को भी प्रयागराज से वापसी की सुविधा उपलब्ध होगी। यह विशेष बस सेवा महाकुंभ के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ध्यान में रखते हुए बनाई गई है, ताकि हर कोई इस महत्वपूर्ण आयोजन का हिस्सा बन सके। विशेष रूप से बुजुर्गों के लिए इसे प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि वे आसानी



से धार्मिक यात्रा का लाभ उठा सकें। इसके अलावा, यह सेवा सभी श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध रहेगी, ताकि अधिक से अधिक लोग महाकुंभ में भाग ले सकें। श्री अनिल विज ने महाकुंभ को भारत की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक बताया और कहा कि यह यात्रा हरियाणा के लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ने का एक अहम अवसर है।

# सम्पादकीय

## 70 सीटों पर वोटिंग आज

**बुधवार**, 5 फरवरी को दिल्ली के डेढ़ करोड़ से ज्यादा मतदाता, अपने-अपने वोट के जरिए दिल्ली की अगली सरकार को चुनेंगे। यह फैसला करेंगे कि यह दिल्ली का अगला मुख्यमंत्री किस राजनीतिक दल से बनाने जा रहा है। दिल्ली के मतदाताओं ने किसे जनादेश दिया है, यह खुलासा तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही हो पाएगा। लेकिन एक बात बिल्कुल साफ है कि देश की राजधानी दिल्ली से निकले जनादेश की गूंज बहुत दूर तक सुनाई देगी। कहने को तो, यह भी कहा जा सकता है कि दिल्ली एक पूर्ण राज्य भी नहीं है और केवल 70 विधायकों वाली विधानसभा का असर राष्ट्रीय राजनीति पर भला कैसे पड़ सकता है लेकिन यह तर्क अपने आप में पूरी तरह से गलत और बेमानी है। दिल्ली में वैसे तो मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी बनाम भारतीय जनता पार्टी का ही माना जा रहा है। लेकिन अपने राजनीतिक अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही कांग्रेस ने कई विधानसभा सीटों पर चुनावी लड़ाई को त्रिकोणीय बना दिया है। इंडिया गठबंधन के बिखरने की आशंका से डरे हुए कांग्रेस आलाकमान ने चुनाव प्रचार अभियान के शुरुआती दौर में थोड़ी हिचक जरूर दिखाई। लेकिन बाद में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और मल्लिकार्जुन खरगे से लेकर कांग्रेस के तमाम बड़े नेताओं ने जिस अंदाज में चुनावी रैलियां की, रोड शो किए, उससे दिल्ली की चुनावी लड़ाई को काफी दिलचस्प बना दिया है। दिल्ली में एक तरफ आम आदमी पार्टी है, जो वर्ष 2013, 2015 और 2020 के बाद अब वर्ष 2025 में लगातार चौथी बार दिल्ली में सरकार बनाने के लिए चुनाव लड़ रही है। यह चुनाव आम आदमी पार्टी से ज्यादा उनके नेता अरविंद केजरीवाल के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। क्योंकि दिल्ली की हार अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व पर प्रश्नचिन्ह खड़े कर देगा और पार्टी के अंदर भी कई तरह के सवाल उठने लगेंगे। वहीं, दूसरी तरफ भाजपा है जो देश की राजधानी दिल्ली में 27 साल के अपने वनवास को खत्म करना चाहती है। इससे पहले भाजपा दिल्ली में 1993 में सत्ता में आई थी। वर्ष 1993 में चुनाव जीतकर भाजपा ने मदन लाल खुराना को अपना मुख्यमंत्री बनाया था। जैन हवाला डायरी में नाम आने के कारण, खुराना को इस्तीफा देना पड़ा और साहिब सिंह वर्मा दिल्ली के मुख्यमंत्री बने। लेकिन चुनाव से कुछ महीने पहले भाजपा आलाकमान ने उन्हें हटाकर सुषमा स्वराज को दिल्ली का मुख्यमंत्री बना दिया। हालांकि वह भी दिल्ली में भाजपा को जीत नहीं दिला पाईं और 1998 में कांग्रेस से हार कर पार्टी को सत्ता गंवानी पड़ गई। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को पहले कांग्रेस ने लगातार तीन बार हराया और उसके बाद आप भी लगातार 3 चुनाव हरा चुकी है। दिल्ली की चुनावी रेस में तीसरे नंबर की पार्टी माने जाने वाली कांग्रेस इस बार सरकार बनाने से ज्यादा किंग मेकर के रूप में उभरना चाहती है। पिछले दो विधानसभा चुनावों में एक भी सीट नहीं जीत पाने वाली कांग्रेस के लिए दिल्ली का यह चुनाव राजनीतिक अस्तित्व के लिहाज से भी महत्वपूर्ण चुनाव माना जा रहा है। अगर केजरीवाल लगातार चौथी बार दिल्ली विधानसभा का चुनाव जीत जाते हैं तो फिर वे राष्ट्रीय नेता के तौर पर देश की राजनीति में स्थापित हो जाएंगे। उनकी मजबूती राष्ट्रीय स्तर पर सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन के साथ ही विपक्षी इंडिया गठबंधन के लिए भी खतरे की घंटी होगी। वहीं अगर कांग्रेस इस चुनाव में किंग मेकर के रूप में उभर कर दिल्ली की सत्ता से आम आदमी पार्टी को बाहर कर देती है तो राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस मजबूत होकर उभरेगी। उसके बाद मजबूरी में आम आदमी पार्टी को दिल्ली सहित कई राज्यों में झुककर कांग्रेस से समझौता करना पड़ेगा। कांग्रेस की मजबूती राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी इंडिया गठबंधन को और ज्यादा मजबूत बनाती हुई नजर आएगी।

## जयंती

### जानकी वल्लभ शास्त्री



जन्म: 5 फरवरी 1916- मृत्यु: 7 अप्रैल 2011) प्रसिद्ध कवि थे। उन्हें उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 'भारत भारती पुरस्कार' से सम्मानित किया गया था। वे उन थोड़े-से कवियों में रहे, जिन्हें हिंदी कविता के पाठकों से बहुत मान-सम्मान मिला। आचार्य जानकी वल्लभ शास्त्री का काव्य संसार बहुत ही विविध और व्यापक है। प्रारंभ में उन्होंने संस्कृत में कविताएँ लिखीं। फिर महाकवि निराला की प्रेरणा से हिंदी में आए। इनके पिता स्व. रामानुग्रह शर्मा था। उन्हें पशुओं का पालन करना बहुत पसंद था। उनके यहाँ दर्जनों गउएं, सांड, बछड़े तथा बिल्लियाँ और कुत्ते थे। पशुओं से उन्हें इतना प्रेम था कि गाय क्या, बछड़ों को भी बेचते नहीं थे और उनके मरने पर उन्हें अपने आवास के परिसर में दफन करते थे। उनका दाना-पानी जुटाने में उनका परेशान रहना स्वाभाविक था।

## पुण्यतिथि

### महर्षि महेश योगी

जन्म-12 जनवरी, 1918; मृत्यु-5 फरवरी, 2008) प्रसिद्ध भारतीय योगाचार्य थे,



जिन्होंने योग को भारत के बाहर भी प्रसिद्धि दिलाई। उन्होंने पारलौकिक ध्यान योग में विशेषज्ञता प्राप्त की थी। उनके ज्ञान से प्रभावित होकर मशहूर 'म्यूज़िक बैंड' बीटल्स भारत आए थे। ये मंत्र मेडिटेशन का ही एक प्रकार है, जिसका अभ्यास बंद आंखों के साथ किया जाता है। महर्षि महेश योगी ने शंकराचार्य की मौजूदगी में रामेश्वरम में 10 हजार बाल ब्रह्मचारियों को आध्यात्मिक योग और साधना की दीक्षा दी थी। हिमालय क्षेत्र में दो वर्ष का मौन व्रत करने के बाद सन 1955 में उन्होंने टीएम तकनीक की शिक्षा देनी आरम्भ की। अपनी विश्व यात्रा की शुरूआत 1959 में अमेरिका से करने वाले महर्षि योगी के दर्शन का मूल आधार था, "जीवन परम आनंद से भरपूर है और मनुष्य का जन्म इसका आनंद उठाने के लिए हुआ है। प्रत्येक व्यक्ति में ऊर्जा, ज्ञान और सामर्थ्य का अपार भंडार है तथा इसके सदुपयोग से वह जीवन को सुखद बना सकता है।"

## कल मिलेंगे

शॉन्टी मोबाइल कंपनी में इंटरव्यू देने गया
पहले सवाल पर ही उसे भगा दिया गया...
**सवाल**-सबसे मशहूर नेटवर्क कौन सा है?
**शॉन्टी**-कार्टून नेटवर्क!

**संजना भारती दैनिक**

**भगवान शंकर जी के 11वें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक-**संजय कुमार** द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-41, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित तथा ए-281सी, गली नं. 3, ए-ब्लॉक, अम्बिका विहार, शिव विहार, दिल्ली-110094 से प्रकाशित। इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत संपादक उत्तरदायी।

**RNI No. : DELHIN/2016/70240**

**Phone No.: 9871221635**

**E-mail ID:** sanjanabharati16@gmail.com

(किसी भी वाद-विवाद में न्याय क्षेत्र दिल्ली ही होगा।)

# राष्ट्रपति मुर्मू पर बेचारी लेडी का कटाक्ष दुर्भाग्यपूर्ण

**राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है?**

-ललित गर्ग

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी को भारतीय जनता पार्टी एवं अन्य राजनीतिक दलों ने ही नहीं, बल्कि आम लोगों ने भी आपत्तिजनक, अशालीन एवं स्तरहीन बताया है। राष्ट्रपति भवन ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यह बयान न केवल गलत है, बल्कि राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला है। संसद के बजट सत्र के पहले राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सोनिया गांधी ने जिस तरह एवं जिन शब्दों में अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, उस पर विवाद खड़ा हो जाना इसलिये स्वाभाविक है क्योंकि यह बयान दुर्भाग्यपूर्ण एवं विडम्बनापूर्ण होने के साथ पूर्वाग्रह एवं दुराग्रह से ग्रस्त है। सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क, शालीन एवं शिष्ट रहे। विशेषतः कांग्रेस के नेता अक्सर अपने बोल, बयान एवं भाषा की शिष्टता से चुकते रहे हैं। भारत की लोकतांत्रिक और संवैधानिक व्यवस्था में सबसे प्रतिष्ठित पद राष्ट्रपति का है। लेकिन, सोनिया गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर जिस तरह से राजनीति प्रेरित होकर विचार एवं नीतियों की आलोचना करने की बजाय सीधा राष्ट्रपति पर कटाक्ष किया है, उससे इस पद की गरिमा को गहरा आघात लगा है।

राष्ट्रपति का अभिभाषण सरकार की नीतियों एवं योजनाओं को रेखांकित करता है, इसमें राष्ट्रपति की अपनी कोई विशिष्ट विचारधारा नहीं होती, इसलिए विपक्ष चाहे तो नीतियों एवं योजनाओं की आलोचना कर सकता है, यह उसका अधिकार होता है। वह इस अधिकार का उपयोग करता है और उसे करना भी चाहिए, लेकिन इस लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग राष्ट्रपति के व्यक्तित्व का छिद्रान्वेशन करना कैसे हो सकता है? यह अच्छा नहीं हुआ कि सोनिया गांधी ने अभिभाषण में व्यक्त विचारों के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करने के स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु पर ही कटाक्ष एवं तंज कस दिया। उन्हें यह कहने की आवश्यकता नहीं थी कि अभिभाषण के आखिर तक आते-आते राष्ट्रपति बहुत थक गई थीं। कठिनाई से बोल पा रही थीं। बेचारी महिला। पता नहीं सोनिया गांधी ने यह निष्कर्ष कैसे निकाल लिया और यदि निकाल भी लिया तो उन्हें उसे बेचारी महिला जैसे शब्दों में व्यक्त नहीं करना चाहिए था, यह उनकी राजनीति अशिष्टता, अशालीनता, अहंकार एवं अपरिपक्वता का ही द्योतक है। ऐसा लगता है कांग्रेस एवं उनके शीर्ष नेताओं की चेतना में स्वस्थ समालोचना के बजाय विरोध की चेतना मुखर रहती है। ऐसे अमर्यादित एवं अशोभनीय आलोचना ने राष्ट्रपति पद की अस्मिता एवं अस्तित्व पर सीधा एवं तीखा आक्रमण कर दिया है।

यह आश्चर्य का नहीं बल्कि सर्तकता, समयज्ञता एवं जागरूकता विषय है कि राष्ट्रपति भवन को सोनिया गांधी की टिप्पणी पर अपनी अप्रसन्नता व्यक्त करनी पड़ी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लेकर सोनिया गांधी की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देनी पड़ी है और कांग्रेस के बयान को न केवल गलत कहा, बल्कि इसे राष्ट्रपति पद की गरिमा को ठेस पहुंचाने वाला भी बताया। राष्ट्रपति ने हिंदी जो उनकी मातृभाषा नहीं है, फिर भी उन्होंने बहुत ही बेहतरीन एवं प्रभावी भाषण दिया, लेकिन कांग्रेस का शाही परिवार उनके अपमान पर उतर आया है। राष्ट्रपति भवन ने अपने बयान में कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू अपने संबोधन के दौरान किसी भी पल थकी नहीं थीं, उन्होंने पूरे आत्मविश्वास और ऊर्जा के साथ संसद को संबोधित किया। विशेष रूप से जब वे हाशिए पर खड़े समुदायों, महिलाओं और किसानों के अधिकारों की बात कर रही थीं, तब वे और भी ज्यादा संकल्पित एवं ऊर्जा से भरी हुए थीं। राष्ट्रपति को विश्वास है कि इन वर्गों की आवाज उठाना कभी भी थकावट का कारण नहीं बन सकता, बल्कि यह उनके कर्तव्य का एक अहम हिस्सा है। इसके अलावा, राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं की हिंदी भाषा की समझ पर भी सवाल उठाए। बयान में कहा गया कि संभवतः ये नेता हिंदी भाषा की लोकोक्तियों और मुहावरों से भली-भांति परिचित नहीं हैं, जिसके कारण उन्होंने राष्ट्रपति के भाषण की गलत व्याख्या कर ली। राष्ट्रपति भवन ने कहा कि ऐसे भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण बयानों से बचा जाना चाहिए, जो न केवल अनावश्यक विवाद खड़ा करते हैं, बल्कि देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद की गरिमा को भी ठेस पहुंचाते हैं। राष्ट्रपति भवन ने कांग्रेस नेताओं के बयानों को खराब और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए यह भी कहा कि इस तरह की टिप्पणियां पूरी तरह से अनुचित हैं और इन्हें टाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में जिम्मेदार पदों पर बैठे नेताओं से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी भाषा और आरोपों को लेकर सतर्क रहें। राष्ट्रपति भवन की यह कठोर प्रतिक्रिया कांग्रेस नेताओं के लिये सबक एवं सीख बननी चाहिए।

स्वाभाविक रूप से कांग्रेस नेताओं और खुद प्रियंका गांधी ने सोनिया गांधी का बचाव किया, लेकिन यह समझा जा सके तो बेहतर होता कि उन्हें अपने शब्दों के चयन में सावधानी बरतनी चाहिए थी। ऐसे बयान ने न केवल गैरजिम्मेदाराना एवं विध्वंसात्मक इरादों को ही नहीं, छल-कपट की राजनीति को भी बेनकाब किया है। कांग्रेस न जाने क्यों मानसिक दुर्बलता की शिकार है कि उसे अंधेरे सायों से ही प्यार है। ऐसे राजनीतिक दलों एवं सोनिया गांधी जैसे राजनेताओं की आंखों में किरणें आंज दी जाएं तो भी वे यथार्थ को नहीं देख सकते। क्योंकि उन्हें उजालों के नाम से ही एलर्जी है। तरस आता है सोनिया जैसे राजनेताओं की बुद्धि पर, जो सूरज के उजाले पर कालिख पोतने का असफल प्रयास करते हैं, आकाश में पैबन्द लगाना चाहते हैं और सछिद्र नाव पर सवार होकर राजनीतिक सागर की यात्रा करना चाहते हैं। इसीलिये राष्ट्रपति भवन ने यह सही कहा कि सोनिया गांधी की ओर से जो टिप्पणी की गई, वह सर्वथा टालने योग्य थी। शीर्ष नेताओं को अपनी बात कहते समय पद की गरिमा के साथ अपने शब्द चयन में सावधानी बरतनी चाहिए। उस समय तो और भी जब टिप्पणी राष्ट्रपति के संदर्भ में की जा रही हो। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु जिस सामाजिक परिवेश और पृष्ठभूमि से आती हैं, उसे देखते हुए तो और भी संवेदनशीलता दिखानी चाहिए। समस्या यह है कि सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, वे किसी की आलोचना करते समय शब्दों के सही चयन में प्रायः चूक कर जाते हैं। जब ऐसा होता है तो यही ध्वनित होता है कि गांधी परिवार के सदस्य अहंकार में डूब कर अपनी राजशाही मानसिकता का परित्याग नहीं कर पा रहे हैं।

सोनिया गांधी अपने आपको सक्षम राजनीतिज्ञ मानती होंगी, वे विरोध एवं व्यक्तिगत आलोचना की राजनीति की खिलाड़ी भी स्वयं को साबित करने में जुटी हो, भले ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विरोध में सारी हदें लांघी हो, लेकिन भारत की राजनीति केवल विरोध पर जीवंत नहीं रह सकती। राजनीति में समालोचना नितांत अपेक्षित है, समालोचक होना और समालोचना करना बहुत बड़ी बात है, पर जब नेता सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्तित्व की गरिमा को ही खंडित करता है, अपने विवेक को गिरवी रखकर समालोचना करता है, उसे समालोचना नहीं, स्तरहीन विरोध ही कहा जायेगा। ऐसे विरोध के प्रति दया का भाव ही जताया जा सकता है, उसका उत्तर नहीं दिया जा सकता। आखिर निषेधात्मक भावों का उत्तर कब तक दिया जाए? कांग्रेस की इस श्रृंखला का कहीं अंत ही दिखाई नहीं देता। रचनात्मक समालोचना हो, तथ्यों के आधार पर हो, विवेकसम्मत हो तो उसके बारे में चिंतन भी किया जा सकता है। लोकतंत्र समालोचना का विरोधी नहीं है, बल्कि स्वस्थ एवं शालीन समालोचना का स्वागत ही होता है, इससे राजनीति परिपक्व एवं मजबूत होती है, किन्तु नमक की रोटी का क्या स्वागत किया जाए? कुछ आटा हो तो नमक की रोटी भी काम की हो सकती है। पर जिसमें कोरा नमक ही नमक हो, वह स्पृहणीय कैसे बन सकती है। प्रश्न है कि इस तरह की दूषित राजनीति एवं पूर्वाग्रहों के घनघोर परिवेश से लोकतंत्र एवं राष्ट्रपति जैसा सर्वोच्च पद कब तक आहत होता रहेगा? सोनियाजी राजनीति ही करनी है तो मूल्यों की राजनीति करो, देश सेवा की राजनीति करो, जनता के दिलों को जीतने की राजनीति करो। उजालों पर कालिख पोतने का प्रयास एवं चरित्र हनन के उद्देश्य से किया जाने वाला ऐसा राजनीतिक प्रयत्न कितना जघन्य होता है, समझने वाली जनता अच्छी तरह समझती है।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

# जागरूकता से ही होगा कैंसर रोग पर नियंत्रण

**कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है**

-रमेश सर्राफ धमोरा

**कैंसर** बीमारियों का एक जटिल समूह है जिसकी विशेषता असामान्य कोशिकाओं की अनियंत्रित वृद्धि और प्रसार है। इसमें 100 से अधिक विभिन्न रोग शामिल हैं जो शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करते है। ये कोशिकाएं ट्यूमर नामक द्रव्यमान का निर्माण कर सकती हैं। जो शरीर के सामान्य कामकाज में हस्तक्षेप कर सकती हैं। जबकि कैंसर किसी को भी प्रभावित कर सकता है। इन्हें कार्सिनोमा, सारकोमा, ल्यूकेमिया और लिम्फोमा जैसे प्रकारों में वर्गीकृत किया जाता है। इसके कारणों में आनुवंशिक, पर्यावरणीय और जीवनशैली कारक शामिल हैं, जिनमें अस्पष्टीकृत वजन घटाने से लेकर लगातार थकान तक के लक्षण शामिल हैं। कैंसर की रोकथाम में जीवनशैली में बदलाव जैसे कि तंबाकू से परहेज, स्वस्थ आहार और टीकाकरण शामिल हैं। प्रभावी प्रबंधन और शुरूआती पहचान के लिए जागरूकता और ज्ञान महत्वपूर्ण है।

कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और इसकी रोकथाम, पहचान और उपचार को प्रोत्साहित करने के लिए 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। विश्व कैंसर दिवस का जन्म 4 फरवरी 2000 को पेरिस में न्यू मिलेनियम के लिए कैंसर के खिलाफ विश्व शिखर सम्मेलन में हुआ था। विश्व कैंसर दिवस का प्राथमिक लक्ष्य कैंसर और बीमारी के कारण होने वाली मौतों को कम करना है। 1933 में अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ ने स्विट्जरलैंड में जिनेवा में पहली बार विश्व कैंसर दिवस मनाया था।

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसका नाम सुनते ही घबराहट होने लगती है। कैंसर से पीड़ित व्यक्ति बीमारी से अधिक तो कैंसर के नाम से डर जाता है। जिस व्यक्ति को कैंसर होता है वह तो गंभीर यातना से गुजरता ही है उसके साथ ही उसका परिवार को भी बहुत कष्टमय स्थिति में गुजरना पड़ता है। जानलेवा होने के साथ ही कैंसर की बीमारी में मरीज को बहुत अधिक शारीरिक पीड़ा भी झेलनी पड़ती है। कैंसर की बीमारी इतनी भयावह होती है जिसमें मरीज की मौत सुनिश्चित मानी जाती है। बीमारी की पीड़ा व मौत के डर से मैरिज घुट-घुट कर मरता है। इस दिन कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, लोगों को शिक्षित करने, इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए दुनिया भर में सरकारों और व्यक्तियों को समझाने तथा हर साल लाखों लोगों को मरने से बचाने के लिए मनाया जाता है।

नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि देश के अधिकांश क्षेत्रों में कैंसर की सही निगरानी नहीं हो पा रही है। जिस कारण अधिकांश मामलों में बीमारी का देरी से पता चल रहा है। देश के सभी शोध केंद्रों को पत्र लिख आईसीएमआर ने कैंसर की जांच और निगरानी को आसान बनाने के लिए प्रस्ताव मांगे हैं। देश के सभी जिलों में कैंसर निगरानी और जांच को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य अनुसंधान के तहत नई नीति बनाने के लिए आईसीएमआर को जिम्मेदारी सौंपी है। इसके लिए अलग-अलग शोध टीमें गठित होंगी और भौगोलिक व स्वास्थ्य सेवाओं की मौजूदा स्थिति के आधार पर वैज्ञानिक तथ्य एकत्रित किए जाएंगे।

दुनिया भर में हर साल एक करोड़ से अधिक लोग कैंसर की बीमारी से दम तोड़ते हैं। जिनमें से 40 लाख लोग समय से पहले (30-69 वर्ष आयु वर्ग) मर जाते हैं। इसलिए समय की मांग है कि इस बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के साथ कैंसर से निपटने की व्यावहारिक रणनीति विकसित करनी चाहिये। 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों के बढ़कर प्रति वर्ष एक करोड़ से अधिक होने का अनुमान है। यदि विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2025 तक कैंसर के कारण समय से पहले होने वाली मौतों में 25 प्रतिशत कमी के लक्ष्य को हासिल किया जाए तो हर साल 15 लाख जीवन बचाए जा सकते हैं।

अमेरिका और चीन के बाद दुनिया में सबसे ज्यादा कैंसर मरीज भारत में है। 2020 में 1.93 करोड़ नए कैंसर मरीज सामने आए हैं। जिनमें 14 लाख से अधिक भारतीय हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कैंसर रजिस्ट्री कार्यक्रम के अनुसार देश में कैंसर के मामलों की संख्या 2022 में 14.6 लाख से बढ़कर 2025 में 15.7 लाख होने का अनुमान है। जिसके लिए सरकार को चिकित्सा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है। तभी समय पर कैंसर मरीजों की जांच से पहचान कर सही उपचार कर देकर उनकी जान बचाई जा सकती है। भारत में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) की नैशनल कैंसर रजिस्ट्री के आंकड़ें बताते हैं कि देश में 2023 में कैंसर के मामले 15 लाख तक पहुंच गए हैं। इसके अलावा ऐसे हजारों केस भी होंगे जिनका आंकड़ा नहीं मिल पाता होगा। भारत में कैंसर के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। 2040 तक भारत में कैंसर के मामले 2020 की तुलना में 57.5% बढ़कर 20लाख 80हजार हो जाएंगे। (आईसीएमआर) के मुताबिक भारत में हर साल 1.3 मिलियन से ज्यादा नए कैंसर के मामले सामने आते हैं। कैंसर रोग का इलाज करने वाले डॉक्टरों का भी मानना है कि यह खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। कैंसर रोग की शुरूआती पहचान, जोखिम में कमी और प्रबंधन जैसे उपाय जरूरी है।

आईसीएमआर के आंकड़ों को देखें तो 2021 में कैंसर के 1426447 मामले नैशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम में दर्ज किए गए। 2022 में यह संख्या बढ़कर 1461427 हो गई और 2023 में 1496972 केस सामने आए। हर 9 में से से एक व्यक्ति को अपने जीवनकाल में कैंसर होने की संभावना है। पुरुषों में फेफड़े और महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के काफी मामले सामने आ रहे हैं। 14 वर्ष तक की आयु में लिम्फोइड ल्यूकेमिया का खतरा बढ़ा है। 2020 की तुलना में 2025 में कैंसर के मामलों में 10 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी का अनुमान है। आंकड़े बताते हैं कि भारत में कैंसर से साल 2020 में 7,70,230, 2021 में 7,89,202 और 2022 में 8,08,558 लोगों की मौत हुई है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक है, जो कैंसर के खिलाफ लड़ाई में व्यक्तिगत, रोगी-केंद्रित देखभाल की महत्वपूर्ण भूमिका को परिभाषित करती है। कैंसर का पता लगाने, कैंसर के प्रकार और कारण, डायग्नोस और उपचार में काफी प्रगति हुई है। लेकिन अफसोस की बात है कि दुनिया की ज्यादातर आबादी के पास अभी भी बुनियादी स्वास्थ्य सेवायें नहीं पहुंच पायी है। जिसमें गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की देखभाल, रेगुलर टीकाकरण, यौन और प्रजनन स्वास्थ्य सेवाएं और पुरानी बीमारी का इलाज शामिल है। कैंसर की रोकथाम के बारे में जागरूकता फैलाकर, हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स को ट्रेनिंग देकर, इफेक्टिव कम्यूनिटी बेस्ड प्लान को लागू करके, हम इस बीमारी से बचाव कर सकते हैं।

विश्व कैंसर दिवस दुनिया पर कैंसर के प्रभाव को कम करने के लिए सभी के लिए मिलकर काम करने का एक अवसर है। जागरूकता बढ़ाकर, शिक्षा को बढ़ावा देकर, दूसरों को नैतिक रूप से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करके और कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समर्थन देकर ऐसे लोगों का जीवन बचाना है जिसे रोका और ठीक किया जा सकता है। एकजुट होकर और कार्म करके हम इस बीमारी से हमारे स्वास्थ्य, हमारी अर्थव्यवस्था और एक समाज के रूप में हमारी आत्माओं पर पड़ने वाले असर को कम कर सकते हैं।

कैंसर दुनियाभर में मौत का प्रमुख कारण बना हुआ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार 2023 में लगभग एक करोड़ लोगों की मौत कैंसर से हुइ थी। जिसमें ब्रेस्ट और लंग कैंसर के सबसे अधिक मामले सामने आए थे। डब्लूएचओ के अनुसार दुनिया भर में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने से कैंसर के कारण होने वाली मौतों की संख्या को 30-50 प्रतिशत तक कम करने में मदद मिल सकती है। कैंसर की चुनौती से निपटने का सबसे अच्छा तरीका इस मुद्दे के बारे में लोगों से बातचीत शुरू कर के जागरूकता बढ़ायी जाये। तभी कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से लोगों की जीवन रक्षा की जा सकेगी।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

**खेल/विदेश/कारोबार/फिल्म**

# सऊदी और इजरायल के बीच होने वाली है दोस्ती?

(एजेन्सी)।

**अमेरिका।** डोनाल्ड ट्रंप के व्हाइट हाउस में वापसी के बाद इजरायल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू अमेरिका के दौरे पर हैं। ट्रंप के सत्ता में आने से पहले हमास और इजरायल के बीच युद्ध विराम समझौता हुआ और कई बंदियों की रिहाई भी हुई। इससे अब उम्मीद बढ़ने लगी है कि खाड़ी देशों में शांति आएगी। इस बीच नेतन्याहू ने अमेरिका पहुंचने से पहले एक बड़ा बयान दिया। नेतन्याहू ने कहा कि ट्रंप के साथ सऊदी अरब के साथ रिश्ते समान्य बनाने को लेकर बहुत अहम बैठक होने जा रही है। इसके अलावा बंधकों की रिहाई पर भी नेतन्याहू और ट्रंप के बीच चर्चा होगी। पीएम नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथग्रहण के बाद व्हाइट हाउस में उनसे मिलने वाले वो पहले विदेशी नेता हैं। पीएम नेतन्याहू का वाशिंगटन ब्लेयर हाउस में भव्य स्वागत भी हुआ।

नेतन्याहू ने कहा कि वो राष्ट्रपति ट्रंप के साथ हमास के साथ जारी युद्ध और सभी बंधकों की रिहाई के अलावा ईरान के आंतकी एक्सिस पर चर्चा करेंगे। इजरायली पीएम ने कहा कि इस मुलाकात में ट्रंप के साथ सऊदी अरब के साथ रिश्ते सामान्य करने को लेकर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शांति के दायरे को बढ़ाने पर बात करूंगा। ताकत के बल पर शांति हासिल करने के प्रयास किए जाएंगे। नेतन्याहू के प्रवक्ता दोस्तरी ने कहा कि हमारी इच्छा शांति पर पहुंचने की है और दूसरे पक्ष की भी यही इच्छा है। ट्रंप चाहते हैं कि अपने दूसरे कार्यकाल में वह अब्राहम अकॉर्ड 2 करें जिससे इजरायल और सऊदी में दोस्ती हो जाए।

इजरायल और संयुक्त अरब अमीरात के बीच 13 अगस्त 2020 को हुआ था। उसी रात 11 सितंबर को इन दोनों देशों ने समझौता पर हस्ताक्षर किए। अब्राहम के नाम की खासियत ये है कि इसे इस्लाम, ईसाई और यहूदी तीनों ही धर्मों में पवित्रता के साथ लिया जाता है। इसका मतलब सहयोग की भावना है।

# बजट महंगाई बढ़ाने वाला नहीं इससे आरबीआई को मौद्रिक सुगमता में मदद मिलेगी: वित्त सचिव

(एजेन्सी)।

**नई दिल्ली।** वित्त सचिव तुहिन कांत पांडे ने कहा कि सरकार ने राजकोषीय घाटे को कम करने के लिए कदम उठाते हुए ऐसा बजट पेश किया है जिससे महंगाई नहीं बढ़ेगी। अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति को वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए ब्याज दर में कटौती पर फैसला करना है। पांडे ने कहा, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति को एक साथ काम करने की जरूरत है, न कि विपरीत उद्देश्यों के लिए... क्योंकि अगर हम मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में सक्षम हैं, तो मौद्रिक सहजता से भी बहुत अधिक लाभ होगा। बजट में राजकोषीय घाटे के वित्त वर्ष 2025-26 में 4.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो चालू वित्त वर्ष 2024-25 के 4.8 प्रतिशत से कम है। पांडे ने यहां भारतीय वाणिज्य एंव उद्योग मंडल (एसोचैम) के साथ बजट के बाद आयोजित परिचर्चा में कहा, यह स्पष्ट करना बहुत जरूरी है कि हमें एक निश्चित राजकोषीय व्यवस्था के भीतर क्या करना है। हमें उस सीमा तक मौद्रिक अधिकारियों की सहायता करनी होगी...भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय बैठक पांच फरवरी से शुरू होगी। एमपीसी सात फरवरी को अपने नीतिगत निर्णयों की घोषणा करेगी।

# दुनिया में हर छठी मौत का कारण है कैंसर

(एजेन्सी)।

**दुनिया** में विकास के साथ ही कई गंभीर और घातक बीमारियां भी फैलती जा रही हैं। जिसमें कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। इस खतरनाक बीमारी के कारण हर साल पूरी दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो जाती है। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज का अनुमान है कि दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में आधुनिकता और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर के बढ़ते खतरे को लेकर लोगों को जागरूक और शिक्षित करने के उद्देश्य से दुनियाभर में हर साल आज के दिन यानी 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस मनाया जाता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। विश्व कैंसर दिवस हर साल 4 फरवरी को मनाया जाता है। इसके पीछे का उद्देश्य, लोगों में इस जानलेवा बीमारी के बारे में जागरुकता फैलाना है। इस दिन कैंसर के बारे में जानकारी, इसके लक्षणों की पहचान कर, जल्द से जल्द इसका इलाज करवाना और इससे बचाव के तरीकों के बारे में लोगों को जानकारी देने की कोशिश की जाती है। अगर इस बीमारी से जुड़ी सभी जरूरी बातों के बारे में लोगों को पता होंगी, इसकी रोक-थाम करने में काफी मदद मिल सकती है।

विश्व कैंसर दिवस 2025 की थीम, "यूनाइटेड बाय यूनिक" 2025 से 2027 तक तीन साल के अभियान की शुरूआत का प्रतीक है। यह पहल कैंसर की देखभाल के लिए लोगों पर केंद्रित दृष्टिकोण पर केंद्रित है, जिसमें प्रत्येक रोगी की यात्रा की व्यक्तिगतता पर जोर दिया जाता है।

# अभिषेक शर्मा के मुरीद हुए ब्रेंडम मैकुलम

(एजेन्सी)।

**भारतीय** युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टी20 मुकाबले में शानदार पारी खेलते हुए 54 गेंदों में 7 चौके और 13 छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली थी। इस दौरान अभिषेक भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा तेज शतक लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। वहीं अब अभिषेक का प्रदर्शन देखकर इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम ने भी जमकर तारीफ की है। दरअसल, मैकुलम ने कहा कि अभिषेक ने ऐसे गेंदबाजों के खिलाफ ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की, जो 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं। इसके अलावा इंग्लिश टीम में अनुभवी स्टार स्पिनर आदिल रशीद भी मौजूद थे, जिनके सामने दुनिया के अच्छे-अच्छे बल्लेबाज भी संघर्ष करते हैं। इंडिया टुडे के मुताबिक इंग्लैंड के हेड कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि, सबसे पहले और सबसे जरूरी बात, अभिषेक की जो पारी हमने देखी वह उनती ही अच्छी पारी है जितनी हमने टी20 क्रिकेट में कभी देखी है। वह किसी भी अटैक के खिलाफ ऐसा नहीं कर रहे हैं बल्कि वह ऐसा चार गेंदबाजों के खिलाफ कर रहे हैं जो 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंकते हैं और एक बेहतरीन लेग स्पिनर हैं। बता दें कि, अभिषेक ने भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल में दूसरा सबसे अर्धशतक और शतक लगाने का रिकॉर्ड कायम किया। उन्होंने 17 गेंदों में फिफ्टी पूरी की थी। इसके अलावा अभिषेक ने 37 गेंदों में शतक पूरा किया था। गौरतलब है कि, अभिषेक भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल खेलते हैं। उन्होंने अब तक 17 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं जिनकी 16 पारियों में बल्लेबाजी करते हुए 33.43 की औसत और 193.84 के स्ट्राइक रेट से 535 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 2 अर्धशतक निकल चुके हैं।

# चाकू हमले की घटना के बाद सैफ अली खान पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए

(एजेन्सी)।

**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान पिछले महीने अपने बांद्रा स्थित घर पर हुए हमले के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए। सैफ डेनिम लुक में काफी आकर्षक लग रहे थे और अपनी हालिया फिल्म ज्वेल थीफ - द रेड सन चैप्टर का प्रचार करते नजर आए। कार्यक्रम में सैफ ने कहा, "यहां आपके सामने खड़े होकर बहुत अच्छा लग रहा है। और यहां आकर बहुत अच्छा लग रहा है"।

सैफ के जल्दी ठीक होने और काम पर वापस लौटने के बाद नेटिजन्स चाकू घोंपने की घटना पर सवाल उठा रहे हैं। जिन्हें नहीं पता, उन्हें बता दें कि लुटेरे ने सैफ को कई बार चाकू घोंपा था। तमाम आरोपों के बीच सैफ की गर्दन पर बड़े निशान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी हैं। कई फैन अकाउंट ने उनके कान के नीचे से लेकर गर्दन तक के बड़े निशान की क्लोज-अप तस्वीरें शेयर की हैं।

तस्वीरों के साथ कैप्शन लिखा गया है, "पिछले कुछ हफ़्तों में करीना और सैफ पर सवाल उठाने वालों के लिए, यहाँ सैफ की ताजा तस्वीरें हैं। अपनी चोटों को दिखाने के बजाय, वह कॉलर वाली शर्ट में नजर आ रहे हैं। गर्दन पर एक अच्छी तरह से ठीक हुआ घाव दिखाई दे रहा है।" काम के मोर्चे पर, सैफ ज्वेल थीफ में नजर आएंगे, जो फिल्म निमार्ता रॉबी ग्रेवाल की एक डकैती ड्रामा है। एक शक्तिशाली अपराध सरदार द्वारा दुनिया के सबसे मायावी हीरे को चुराने के लिए एक ज्वेल चोर को काम पर रखा जाता है-द अफ्रीकन रेड सन शो की लॉगलाइन है। जयदीप अहलावत भी नजर आएंगे।

# शानदार कार्यकाल के लिए सेन्ट्रल बार के निवर्तमान पदाधिकारियों का हुआ सम्मान

## अधिवक्ता हीत में मुरलीधर सिंह और सुरेन्द्र नाथ पांडेय ने किया है सराहनीय कार्य

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** मंगलवार को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के निवर्तमान पदाधिकारियों का सम्मान बार कौंसिल के पूर्व चेयरमैन व सदस्य हरिशंकर सिंह ने सेन्ट्रल बार के अधिवक्ता विश्रामालय सभागार में किया। निवर्तमान अध्यक्ष मुरलीधर सिंह और निवर्तमान महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पांडेय को माला, दुपट्टा और मोमेंट देकर सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि निवर्तमान अध्यक्ष मुरलीधर सिंह और निवर्तमान महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पांडेय ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल में अधिवक्ता हीत में बहुत ही सराहनीय कार्य किया है जिसमें प्रमुख रूप से कलेक्ट्रेट में नवनिर्मित टीन शेड में इन्टरलाकिंग, अधिवक्ता दिग्दर्शिका का प्रकाशन, सेन्ट्रल बार के पूर्व साइड सीवर लाईन बिछवाना, ई-लाइब्रेरी का निर्माण, सेन्ट्रल बार के गांधी सभागार को वातानुकूलित करवाया, सेन्ट्रल बार के अधिवक्ता विश्रामालय हाल में कोटा स्टोन करवाया, सेन्ट्रल बार के बाथरूम को पुनर्निर्माण कर आधुनिक स्वरूप दिया आदि आदि बहुत से अधिवक्ता उपयोगी कार्य हुआ।

इस अवसर पर राजेन्द्र पाठक, संजय सिंह, विधु प्रकाश पाण्डेय, प्रेम प्रकाश सिंह गौतम, दीपक राय कान्हा, नित्यानंद राय, सुधांशु मिश्र, गौतम कुमार झा सहित दर्जनों अधिवक्ता उपस्थित थे।



सेन्ट्रल बार के निवर्तमान अध्यक्ष मुरलीधर सिंह और निवर्तमान महामंत्री सुरेन्द्र नाथ पांडेय को सम्मानित करते हुए बार कौंसिल यूपी के सदस्य हरिशंकर सिंह। (छाया: एसबी)



# विश्व पुस्तक मेला 5 फरवरी को रहेगा बंद

**संजना भारती/विज्ञप्ति द्वारा**

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में जनता की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेला 5 फरवरी को बंद रहेगा। जिससे दिल्ली के नागरिक, कर्मचारी, आगंतुक और भागीदार अपना वोट डाल सकेंगे और अपना दिल्ली का नागरिक होने का कर्तव्य पूरा कर सकेंगे।

मेला 6 से 9 फरवरी तक पहले से अधिक समय के लिए, सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होगा।



# उपाध्यक्ष दीपक राय कान्हा ने अधिवक्ताओं के समस्याओं का कराया निस्तारण



सेन्ट्रल बार में अधिवक्ताओं के समस्याओं की सुनवाई करते हुए दीपक राय कान्हा। (छायाः एसबी)

**एसबी संवाददाता**

**वाराणसी।** मंगलवार को सेन्ट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष दीपक राय कान्हा ने सेन्ट्रल बार स्थित अपने कार्यालय में अधिवक्ताओं से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए जनसुनवाई की। जनसुनवाई में दर्जनों अधिवक्ता अपनी समस्या लेकर आए जिनमें अधिकांश समस्या का निस्तारण अधिकारियों से फोन से वार्ता करके किया गया। अधिवक्ता संध्या तिवारी के पति को सारनाथ थाना पुलिस द्वारा पड़ोसी से जमीन विवाद में थाने पर बैठाया गया था दीपक राय ने थाना प्रभारी से वार्ता कर तत्काल अधिवक्ता को छोड़ने को कहा जिस पर उनको तुरंत छोड़ दिया गया। अधिवक्ता मनोज यादव, सरफूल रहमान, संग्रह सिंह, राधे श्याम आदि अधिवक्ताओं का मामला जनसुनवाई में आया।

# देवघर से जल चढ़ाकर घर लौट रहे 25 कांवरियों से भरी पिकपभान मारी पलटी

## एक की ईलाज के दौरान मौत, डेढ़ दर्जन कांवरियां घायल





**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर प्रखंड क्षेत्र के उदयपुर कॉलोनी से करीब 25 की संख्या में कावड़ लेकर पैदल देवघर जल चढ़ाने यात्रा पर गये थे। देवघर पहुंच कर बाबा बैधनाथ को जलाभिषेक व पूजा अर्चना कर देवघर से अपने घर लौटने के क्रम में बांका जिला के अंतर्गत बेलहर थाना के जिलेविया मोड़ सुईया पहाड़ हिल एरिया में घुमावदार मोड़ पर पिकपभान चालक अपनी संतुलन खो दिया। जिसे कावंरियों से भरी पिकअप पलटी मार दिया।पिकअपभान में करीब पच्चीस कावंरिया सवार थे। जिसमें डेढ़ दर्जन से अधिक कांवरिया गंभीर रूप से घायल है। जबकि काफी गम्भीर घायल एक कावरिया प्रेमचंद वर्मा को बेलहर पीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घायल कावरिया की स्थिति चिंताजनक देखते हुये घायल को भागलपुर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जिसको भागलपुर ले जाने के क्रम में रास्ते में ही मौत हो गया। बाकी सबका बांका सदर व भागलपुर सदर एवं बेलहरा पीएचसी में इलाज चलने की सूचना मिला है।

वही कांवरिया से भरी पिकपभान पलटने की घटना समय करीब पांच बजे भोर में बांका जिला के जलेबिया मोड़ के नजदीक सुइयां क्षेत्र में हुई है। कुछ घायलों को सुइयां थाना क्षेत्र के थाना के 112 नम्बर की पुलिस ने उठाकर ईलाज के लिये ले गया। करीब दर्जनभर घायल लोग अभी भी सड़क पर सहायता के इंतजार में रहने की सूचना मिल हैं। जो कम घायल है उसमें (1) राजमणि देवी, (2) श्रवण कुमार, (3) नीलम देवी, (4) लक्ष्मीनिया देवी, (5) डॉक्टर रणधीर, (6)धीरज कुमार, (7) हरिकिशन वर्मा, (8) किरण कुमार, (9) इंद्रजीत महतो, सभी कांवरिया लोग साथ में थे। बताते चलें कि पिकपभान पलटने की घटना में ही घायल प्रेमचंद्र वर्मा उम्र करीब 50 वर्ष की ईलाज के दौरान हालत गम्भीर देखकर डॉक्टर ने भागलपुर रेफर कर दिया। लेकिन भागलपुर सदर अस्पताल पहुचने से पहले ही प्रेमचंद्र वर्मा की मौत रास्ते में हो गई। प्रेमचंद्र वर्मा की मौत की सूचना मिलते ही उदयपुर कॉलोनी गाँव में मातम छा गई। लेकिन कुछ ग्रामीणों ने धर्य बांध कर मृतक प्रेमचन्द्र वर्मा को लाने व घायल ग्रामीणों को देखने बांका जिला व भागलपुर जिला निकल पड़े है।

वही प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलोनी निवासी CPIM नेता प्रेमानन्द सिंह ने सूचना दिया कि मृतक कांवरिया प्रेमचन्द्र वर्मा को भागलपुर से शव को उदयपुर कॉलोनी लाया गया है। जिसे खानपुर पुलिस के द्वारा शव को कागजी प्रक्रिया कर पोस्मार्टम के लिये समस्तीपुर सदर भेज दिया गया है।

पोस्टमार्टम के बाद उदयपुर के ग्रामीणों के द्वारा अंतिम दाहसंस्कार पिरकपुर संगमघाट पर किया जायेगा।

# सामूहिक विवाह में क्षय रोग प्रदर्शनी को भी सराहा गया

**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** विकास क्षेत्र म्याऊं में तहसील स्तरीय सामूहिक विवाह योजना का आयोजन किया गया जिसमें बृज क्षेत्र के अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, जिला महामंत्री शारदाकांत पाठक एवं चारों ब्लॉक के ब्लॉक प्रमुख, सी डी ओ श्री केशव कुमार, डीडीओ श्री अजय प्रताप, डीपीआरओ, एस डी एम दातागंज, चारों ब्लॉक के बी डी ओ, डॉ सर्वेश कुमार एम ओ आई सी की गरिमामयी उपस्थित में संपन्न हुआ। जिसमें 132 जोड़ों की शादी एवं 5 लोगों का निकाह संपन्न हुआ। प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोग विभाग की प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रदर्शनी में क्षय रोग के 100 दिवसीय सघन टी बी रोग खोज अभियान हेतु जनमानस में जागरूकता फैलाने से सम्बंधित बैनर एवं पोस्टर लगाये।

भारत से टीबी की बीमारी को खतम करने के लिए भी शपथ भी दिलाई गयी। बृजेश कुमार राठौर एस टी एस क्षय रोग के लक्षण, टीबी के संभावित मरीजों की जाँच, उपचार, व बचाव के बारे में विस्तार से बताया गया। डॉ सर्वेश कुमार प्रभारी चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया की प्रधानमंत्री महोदय का उद्देश्य 2025 तक टी बी मुक्त भारत बनाना है इसी के परिपेक्ष में उत्तर प्रदेश की ऐसी जनसंख्या को छांटना है जिसमें टी बी की बीमारी फैलने की उम्मीद ज्यादा होती है इसमें 60 वर्ष से ऊपर के व्यक्ति, पिछले 5 वर्ष के पुराने टी बी के मरीज, पिछले 3 वर्ष के टी बी के मरीजों के संपर्क में रहने वाले सभी व्यक्ति, खांसी, बुखार, कम वजन जिनका बी एम आई 18 से कम हो, सीने में दर्द, थकान, गले एवं बगल में गाँठों, बलगम में खून आने, बच्चों में विकास ना होने, शुगर वाले लोगों, एवं किसी भी गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों की आशा घर घर जाकर स्क्रीनिंग करके उनके बलगम की जाँच एवं एक्स-रे कराएगी।

सरकार का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों की टी बी की जाँच कराना है जिस से टी बी की बीमारी से ग्रस्त कोई भी व्यक्ति छूट ना जाये। अधिकतर देखा जाता है की जिस घर में टी बी का मरीज होता है उसके संपर्क में रहने वाले व्यक्तियों को भी टी बी हो जाती है इसके बचाव हेतु एक नयी दवा रिफाम्पटीन एवं आइसोनियाजिड की शुरूआत भी भारत सरकार द्वारा की गयी है जो टी बी की बीमारी से ग्रस्त लोगों के साथ रहने वाले व्यक्तियों को हफ्ते में एक दिन तीन महीने तक कुल 12 खुराक खानी होती हैं जिससे संपर्क में रहने वाले व्यक्ति को टी बी की बीमारी नहीं होती है।




# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 137 जोड़ों का हुआ विवाह



**एसबी ब्यूरो प्रमुख इंतजार हुसैन**

**बदायूं।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत विकासखंड दातागंज, विकासखंड समरेर, विकासखंड उसावा, विकासखंड म्याऊं, एवं नगर निकाय आलापुर, उसावां, दातागंज के 137 जोड़ों का विवाह विकासखंड परिसर म्याऊं में संपन्न हुआ, जिसमें 05 मुस्लिम और 132 हिंदू जोड़े सम्मिलित हुए। विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी, लोकप्रिय व अनूठी योजना है, इसमें सर्व समाज को सम्मिलित कर-के विवाह संपन्न कराया जाता है। गृहस्थी की गाड़ी के दो पहियों के समान है इसमें संतुलन बहुत आवश्यक है।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ब्रज क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी दुर्विजय सिंह शाक्य ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा बहुत सी जनकल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं जिनमें से एक महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना है। इस योजना अंतर्गत जोड़ों का विवाह पूरे गरिमा और सम्मान के साथ कराया जाता है और इसमें शीर्ष स्तर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी व गणमान्य लोग सम्मिलित होते हैं। उन्होंने उपस्थित सभी जोड़ों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

मुख्य अतिथि गण द्वारा मंच पर नव विवाहित जोड़ों को विवाह प्रमाण पत्र एवं उपहार सामग्री भेंट की गई। अंत में केशव कुमार मुख्य विकास अधिकारी बदायूं द्वारा उपस्थित सभी गणमान्य एवं जन समुदाय का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला सहकारी संघ रविंद्र पाल सिंह, जिला महामंत्री शारदाकांत, मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार, जिला विकास अधिकारी अजय प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी दातागंज, जिला समाज कल्याण अधिकारी मीनाक्षी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख म्याऊं प्रतिनिधि के.सी. शाक्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि उसावां दिनेश कुमार सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि समरेर, धीरज सक्सेना समाजसेवी उद्योगपति रविंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# खानपुर पुलिस ने शराब के नशे में हंगामा कर रहे एक युवक को किया गिरफ्तार

## थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने गिरफ्तार युवक को उपस्थापन हेतु भेजा समस्तीपुर न्यायालय

**संजना भारती संवाददाता**
**अर्जुन कुमार झा**

**समस्तीपुर।** खानपुर पुलिस को बीती रात गस्ती के क्रम में दूरभाष से सूचना मिला कि ग्राम मधुवन में (1) अवधेश यादव उम्र 21 वर्ष पिता अरविंद यादव ग्राम देवनपुर-थाना-रोसड़ा जिला समस्तीपुर ने शराब के नशे धुत है जो हंगामा कर रहा है।

सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुये रात्रि गस्ती दल के पुलिस पदाधिकारी ने पुलिस फोर्स के साथ मधुवन गाँव पहुँचकर हंगामा कर रहे एक युवक को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। तथा वही शराब के नशे में गिरफ्तार दोनों युवक के बारे में पूछने पर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि गिरफ्तार युवक शराब के नशे में हंगामा कर रहा था।

सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुये हंगामा करते युवक को गिरफ्तार कर ब्रेथ एनालाइजर मशीन से जाँच कर फिर नशे में धुत युवक को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खानपुर में चिकित्सीय जांच में शराब सेवन की पुष्टि पाकर गिरफ्तार युवक के विरूद्ध खानपुर थाना सनहा संख्या-दर्ज कर गिरफ्तार युवक को थाना के पुलिस पदाधिकारी व चौकीदार के साथ उचित अभिरक्षा में सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने हेतू भेज दिया गया है।



# वैशाली जिले में बनेगा फिश मॉल जिसमें मछली की विभिन्न किस्मों की होगी बिक्री और लगेगी प्रदर्शनी

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/डॉ. संजय**


**हाजीपुर।** मुख्य सचिव स्तरीय समीक्षा बैठक के तुरंत बाद जिला पदाधिकारी, यशपाल मीणा ने दर्जनों विभागों के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला मत्स्य पदाधिकारी और गोरौल के अंचलाधिकारी को निर्देश दिया कि वे फिश (मत्स्य) मॉल के निर्माण के लिए शीघ्र जमीन चिन्हित कर रिपोर्ट दें। फिश मॉल का निर्माण चार एकड़ भूमि पर होना है।

जिलाधिकारी ने बताया कि जिला में फिश मॉल के निर्माण हो जाने से न केवल मत्स्य क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि अन्य लोगों को भी इसमें रुचि बढ़ेगी। साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। फिश मॉल के बन जाने से रोजगार के अवसर में भी वृद्धि होगी। जिले भर में मछली पालन से जुड़े व्यवसायियों को एक मंच मिलेगा जहां वे अपनी उत्पादों को बेच सकेंगे। मछलियों की विभिन्न प्रजातियों की प्रदर्शनी और बिक्री से पर्यटक भी आकर्षित होंगे। सहकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने धान की अधिप्राप्ति में तेजी लाने का निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में ज्ञात हुआ कि लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 52% धान की अधिप्राप्ति हुई है।

कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में लंबित ई केवाईसी तथा लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन किया जाए। पंचायती राज विभाग की समीक्षा के क्रम में पंचायत सरकार भवनों के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट अधिष्ठापन के कुल लक्ष्य 41040 के विरुद्ध 15013 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाए जा चुके हैं। शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि 171 पंचायतों में खेल मैदान का निर्माण कराया जा रहा है। बताया गया कि महुआ, लालगंज, बिदुपुर, पातेपुर, सहदेई बुजुर्ग और जंदाहा प्रखंड सह अंचल कार्यालय एवं आवासीय भवन का जीर्णोद्धार कर कराया जा रहा है।

बैठक में उप विकास आयुक्त, कुंदन कुमार के साथ जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला वन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी सहित कई अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी शामिल रहे।






# 7वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए समाजसेवी अजय कुमार



**एसबी ब्यूरो**

**दलसिंहसराय।** मंगलवार को दलसिंहसराय टेक्निकल आईटीआई परिसर में गौतम बुद्ध आईटीआई, दलसिंहसराय टेक्निकल आईटीआई,स्वांकी इंफ्रास्टेट एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड,रामपुर जलालपुर के संस्थापक सह समाजसेवी स्व.अजय कुमार की 7वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस मौके पर उनके पुत्र निदेशक ई.अमित अभिषेक, स्वर्गीय अजय कुमार की धर्मपत्नी सरोज सिन्हा,पुत्रवधू चिकित्सा पदाधिकारी ज्योति शबनम, पौत्र रुद्र अभिषेक, संस्था के प्रबंधक धीरज झा, प्राचार्य राज कुमार चौधरी, मुकुल कुमार चौधरी एवं अनुदेशक रंजीत कुमार, सुभाष झा, मनोज राय, मनीष कुमार, गंगेश पासवान सहित सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# अमेरिका में पढ़ाई करने गए भारतीय छात्रों को भी घुसपैठिए समझ रहें हैं पीएम मोदी के दिली दोस्त ट्रंपः कांग्रेस

**एसबी ब्यूरो**

**बेगूसराय नगर।** हमारे देश के प्रधानमंत्री के दिली दोस्त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालते ही आव्रजन नियमों को कड़ाई से पालन किया जा रहा है और ऐसी खबर है कि एक अमेरिकी सैन्य विमान से कुछ भारतीयों को पंजाब के हवाई अड्डे पर उतारने की तैयारी पूरी कर ली गई विमान में करीबन 1000 यात्री सवार होंगे ऐसा कयास लगाया जा रहा है।

लगभग 18000 भारतवंशियों को अमेरिकी सेना ने हिरासत में ले लिया है। अठारह हजार में अधिकांश होनहार छात्र होंगे जिन्हें अमेरिका ने घुसपैठिया घोषित कर दिया है। कुछेक भारतीय बेरोजगार हैं। जो कई वर्षों से अमेरिका में व्यापार कर रहे हैं। अपनी जीविका चलाने के लिए निश्चित रूप से बेगूसराय के भी कोई न कोई अमेरिकी सेना के हिरासत लिए नागरिक बेगूसराय के होंगे प्रबल संभावना है और निकम्मी डबल इंजन की सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठी है और हिन्दू मुस्लिम पर ज्ञान दे रही है। यह वही सरकार है जो कुंभ में भगदड़ के दौरान मारे गए हिंदुओं की संख्या बताने में नाकाम रही बदले में लाश छुपा रही है। रुपए का मूल्य लगातार गिरते जा रहा है। जबकि सरकार के मुखिया अपने को विश्व गुरु घोषित किए हुए हैं। सरकार जल्द कोई ठोस कदम उठाए अमेरिका में रह रहे भारतवंशी को सुरक्षा देने की।

उपरोक्त बातें बेगूसराय जिला कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी रणजीत कुमार मुखिया ने प्रेस बयान जारी करते हुए कही।




# कुत्तों की नसबंदी का कार्य 10 फरवरी से होगा शुरूः डॉ. वैशाली शर्मा

**एसबी विशेष संवाददाता**

**करनाल।** शहरवासियों को कुत्तों के काटने की समस्या से निजात मिलने जा रही है। इसके लिए स्ट्रीट डॉग की नसबंदी करवाई जाएगी। यह कार्य आगामी 10 फरवरी से शुरू होने जा रहा है। नगर निगम की ओर से ग्वालियर की सिद्धांत सोसाईटी फॉर एनीमल केयर एजेंसी को कार्य आदेश जारी किया जा चुका है। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मगलवार को दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी की ओर से घोघड़ीपुर रोड पर एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर बनाने का कार्य जारी है, जो पूरा होने जा रहा है। इसके पश्चात शैड्यूल अनुसार कुत्तों को पकडकर उनकी नसबंदी की जाएगी। जिस क्षेत्र से कुत्ते पकड़े जाएंगे, सम्बंधित जोन इंचार्ज उसकी निगरानी करेंगे। नियमों के तहत होगा कार्य, एंटी रेबिज टीकाकरण भी होगा- निगमायुक्त ने बताया कि भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड के पशु जन नियंत्रण अधिनियम 2023 के नियमों के तहत कुत्तों की नसंबदी का कार्य किया जाएगा। इसके तहत पहले कुत्तों को पकडकर उनका ऑप्रेशन कर नसबंदी की जाएगी। एंटी रेबिज का टीकाकरण किया जाएगा। करीब तीन से चार दिन तक ऑप्रेशन के बाद की देखभाल की जाएगी। इस दौरान उनके खाने-पीने व दवाईयों इत्यादि की पूरी व्यवस्था एजेंसी द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात जिस क्षेत्र से कुत्तों को पकड़ा गया है, वही पर उन्हें वापिस छोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी रहेगी। नगर निगम आयुक्त ने बताया कि कुत्तों की नसंबदी के कार्य की पूर्ण निगरानी के लिए एक कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी में पशुपालन विभाग के चिकित्सक भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि नसबंदी का कार्य पूरा होने से नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी। इस कार्य के लिए एजेंसी को दो वर्ष के लिए टेंडर दिया गया है।



# प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर कर रही है कार्यः विधायक

## शिवाजी कॉलोनी में आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास के सिद्धांत पर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में नॉन स्टॉप विकास कार्य हो रहे है।

विधायक जगमोहन आनंद मंगलवार को स्थानीय शिवाजी कॉलोनी में डा. संदीप कै त द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आप सभी के प्यार, विश्वास और समर्थन का परिणाम है कि मुझे अपने क्षेत्र की सेवा करने का मौका मिला है। मेरी पूरी कोशिश रहेगी कि करनाल में विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और जन-कल्याण के कार्य निरंतर चलते रहें। विधायक जगमोहन आनंद ने नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के कारण ही वे इस मुकाम तक पहुच पाए है, इसलिए हमेशा नागरिकों के ऋणी रहेंगे, इस क्षेत्र के नागरिकों का सेवक बनके काम करेगें और 24 घटे लोगों के सुख-दुख को साझा करेगें, इतना ही नहीं लोगों की आशा के अनुरूप विकास कार्य करवाए जाएगें। उन्होंने कहा कि लोगों की मूलभूत सुविधाओं को सबसे पहले पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के 100 दिन के कार्यकाल में हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने का काम किया गया है। हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकसित भारत के चार स्तम्भ युवा, किसान, महिलाएं व गरीबों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। किसानों के कल्याण के लिए लगातार नई योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आत्मनिर्भर व सशक्त बनाया जा रहा है। युवाओं को पारदर्शी मेरिट के आधार पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरी देकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने देश के समक्ष एक मिसाल पेश की है, जिसकी चर्चा पूरे देश में हो रही है। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, दीपक शर्मा, डा. संदीप कुमार, राम कुमार कौशिक, रमेश मिड्डा सहित भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा स्थानीय निवासी उपस्थित थे।

# कांग्रेस नेता पदम गुप्ता ने कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त के पक्ष में वोट की अपील की



**संजना भारती संवाददाता**

**असंध।** कस्तूरबा नगर विधानसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक दत्त के पक्ष में कांग्रेस नेता पदम गुप्ता ने डोर टू डोर जाकर वोट की अपील की। कांग्रेस नेता पदम गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी के कुशासन से ऊब चुकी है और अब वह सिर्फ विकास की राजनीति को अपना समर्थन दे रही है। पदम गुप्ता ने कहा कि शीला दीक्षित के समय दिल्ली का विकास हुआ था। इसके बाद से मोदी और केजरीवाल ने दिल्ली के लिए कुछ नहीं किया है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस की सरकार बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए दिल्ली की जनता कांग्रेस उम्मीदवारों को जीताने का काम करेगी।

# एसडीएम ने खिलाड़ियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

## युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक-एसडीएम



**एसबी संवाददाता**

**गुहला-चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार ने डीएवी कॉलेज चीका में स्थित खेल अकादमी में खिलाड़ियों को नशे के प्रति जागरूक किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा खेलों में रुचि लेकर नशे से बच सकते हैं, हम सबका यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि युवाओं को खेलों की तरफ ध्यान लगाकर नशे से मुक्ति लाई जा सकती है। युवाओं में खेलों के प्रति रुचि उन्हें नशे से दूर रखने में सहायक होती है। युवाओं को चाहिए कि वे अपने अंदर खेलों के प्रति लगाव पैदा करते हुए किसी भी खेल का हिस्सा बनें। नशा को खत्म करना हम सबकी नैतिक व सामाजिक जिम्मेवारी है।

एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि आपसी सहयोग व एकजुटता से ही युवा वर्ग को नशे की प्रवृति से दूर रखा जा सकता है। नशा समाज के लिए अभिशाप है। समाज में नशा की प्रवृति देश की उन्नति व तरक्की में बाधक है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की लत से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए खेलों की ओर बढना चाहिए। स्वयं भी नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इससे दूरी बनाकर रखने के लिए प्रेरित करें। नशा मुक्ति में अभिभावक भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं, वे बच्चों को नशे की लत से दूर रहने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रशिक्षक सतनाम सिंह सहित सैकड़ो खिलाड़ी मौजूद रहे।

# निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने शहर का दौरा कर ली सफाई व्यवस्था की जानकारी



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** नगर निगम आयुक्त करनाल डॉ वैशाली शर्मा ने असन्ध शहर के विकास कार्यों को लेकर औचक निरीक्षण किया। इसके पश्चात उन्होंने नपा कार्यालय का रिकार्ड भी चेक किया। उन्होंने लोगों से बातचीत कर गीता जिओ पार्क की सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। सफाई व्यवस्था का जायजा लेने के दौरान नागरिकों से बेहतर साफ सफाई बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि वे कचरे को सड़क पर या इधर उधर न फैंके बल्कि कचरा संग्रहण वाहन या डस्टबिन में ही डाले।

इस अवसर पर उनके साथ एसडीएम आई.ए.एस. राहुल, नपा सचिव प्रदीप कुमार, नपा कार्यकारी चेयरमैन राजेंद्र ढींगड़ा, एम.ई.अशोक कुमार, पार्षद सिमांत शर्मा, पार्षद प्रतिनिधि विजय गर्ग, राजकुमार बंसल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# एस.एम.आर. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया

## विद्यार्थियों ने दी बेहतरीन प्रस्तुति, मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजय गर्ग**

**असन्ध।** असंध रोड स्थित शहर के एस. एम.आर. इंटरनेशनल स्कूल में वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सफीदों विधायक रामकुमार गौतम तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक कलीराम पटवारी तथा हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन कर्मवीर सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सूर्य वंदना तथा दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश का नृत्य, पश्चिमी नृत्य, हिंदी नाटक, नंद महोत्सव और हरियाणवी नृत्य आदि से छात्रों ने सबका मन मोह लिया। इसके बाद अनेक सदनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रधानाचार्य विजय गौड द्वारा वार्षिक रिपोर्ट भी प्रस्तुत की गई। मुख्य अतिथि द्वारा 10वीं व 12वीं में पास मेधावी छात्रों को कैश प्राइज और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कक्षा 12वीं में 96% अंक प्राप्त करने पर महकप्रीत व परनीत कौर को लैपटॉप देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा दसवीं में कनिका व गोयम जैन को 97% अंक प्राप्त करने पर लैपटॉप से सम्मानित किया गया।

11 बच्चों में से प्रत्येक को 3100 रुपए व गोल्ड मेडल देकर जबकि आठ बच्चों में से प्रत्येक को 2100 रुपए व गोल्ड मेडल और अन्य 11 बच्चों में से प्रत्येक को 1100 रुपए व गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार स्कूल प्रबंधन द्वारा कुल 34 बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से न केवल मनोरंजन होता है बल्कि इससे नैतिक मूल्य और अनुशासन का भी विकास होता है। उन्होंने ऐसे सफल कार्यक्रम के लिए स्कूल प्रबंधन व सभी अध्यापकों को बधाई दी।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन से हरिराम गर्ग, अनिल गर्ग, परवीन गर्ग, रामेश्वर दस गुप्ता, मैनेजर अरुण गुप्ता, राज मित्तल, ईश्वर जैन, संजय अदलखा चेयरमैन, परसराम शास्त्री सहित अन्य मौजूद रहे।

# एडीसी ने किया नीलोखेड़ी ब्लाक के दो प्ले वे स्कूलों का निरीक्षण



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** अतिरिक्त उपायुक्त यश जालुका ने नीलोखेड़ी खंड के गांव बुटाना और संधीर में प्ले स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बुटाना में 16 और संधीर में 14 बह्यचों मौजूद मिले।

उन्होंने गांव के लाभार्थियों यथा-गर्भवती, धात्री, जीरो से 6 वर्ष के बच्चों के अभिभावकों से बातचीत की और फीडबैक लिया। श्री जालुका ने आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले लाभार्थियों से मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकताओं से विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं तथा सुविधाओं के बारे में पूछताछ की। केंद्रों की सुरक्षा और स्वच्छता जांची तथा उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कैसे किया जा रहा है, इसका जायजा लिया। साथ ही ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड डाटा चेक कर पोषण ट्रैकर ऐप का निरीक्षण किया। राशन की गुणवत्ता और मात्रा को चेक करने के लिए गठित पांच सदस्य कमेटी के बारे में पूछताछ ली। उन्होंने अभिभावकों की समस्याओं को सुना और उनसे अपील की कि वे बह्यचों को रोजाना आंगनबाड़ी केंद्र में भेजें। उन्होंने बह्यचों को सरकार द्वारा दी जा रही हर प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

इस मौके पर सीडीपीओ डॉ राजबाला मोर, सुपरवाइजर पूनम, अलका, आंगनवाड़ी वर्कर कंचन और संतोष के अलावा सरपंच व पंच मौजूद रहे।

# कैथल से असंध जा रही नीजि बस खेतों में पलटी, यात्री घायल



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद/कैथल।** कैथल से असंध जा रही एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गेहूं के खेत में पलट गई। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह राजौंद के निकटवर्ती गांव जाखौली के पास हुए हादसे में कई सवारियां घायल हो गई जिन्हें कैथल के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

थाना तितरम के प्रभारी सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि लगभग 55-60 सवारियों से भरी बस कैथल से असंध जा रही थी। गांव जाखौली में सड़क निर्माण कार्य के कारण रास्ता बंद था, इस कारण वाहनों के रास्ते को बदला गया था। वाहनों को आसपास गांवों से होते हुए लिंक रोड से गुजारा जा रहा है। सूचना के अनुसार नीजि बस लिंक रोड पर जैसे ही गांव किच्छाना के पास पहुंची तो वह सड़क किनारे बर्म कच्ची होने के कारण बुग्गी को साइड देते हुए, टायर कच्ची बर्म में बैठने से गेहूं के खेत में पलट गई। जिस कारण कई यात्री घायल हो गए।

सूचना के अनुसार तीन यात्रियों को ज्यादा चोट आई है। हालांकि किसी सवारी को गंभीर चोटें नहीं आई है। घटना के बाद तुरंत डायल 112 की टीम, क्षेत्र के डीसपी, थाना प्रभारी तितरम सब इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार, थाना प्रभारी राजौंद इंस्पेक्टर राजकुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे व प्रशासनिक व मानविय सहायता तत्परता से पहुंचाई गई। बस में सफर कर रहे ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजौंद बलबीर सिंह कश्यप ने बताया कि बस पलटने के बाद निजी बस के आगे का शीशा तोड़कर युवाओं ने यात्रियों को बाहर निकाला। ब्लॉक शिक्षा अधिकारी फिलहाल ठीक है, उनको गुम चोट आई है। दुर्घटना के बाद वे सीधे ड्यूटी पर पहुंचे व प्रशासनिक कार्यों को निपटाया। दुर्घटना में घायलों को पुलिस द्वारा तुरंत सिविल अस्पताल कैथल में भेजा गया। घटना में किसी को जानी नुकसान होने की कोई सूचना नहीं है।

# विद्यार्थी समझदारी एवं आत्मविश्वास के साथ करे सही स्ट्रीम का चयनः एडीसी

## एडीसी ने छात्रों से करियर काउंसलिंग विषय पर किए सवाल जबाव



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**कैथल।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सीवन में हरियाणा सरकार द्वारा प्रायोजित करियर काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया। इसमें एडीसी दीपक बाबू लाल कारवा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल विशेष रूप से मौजूद रहे प्रधानाचार्य स्टेट अवार्डी सुदर्शन शर्मा ने विद्यालय में पहुंचे मुख्य अतिथियों स्वागत किया। इस कार्यक्रम में छात्रों को कक्षा दसवीं व बारहवीं पास के बाद विभिन्न व्यवसायों एवं कोर्सेज के चुनाव हेतु अपना भविष्य बनाने के लिए विशेष जानकारी प्रदान की गई।

एडीसी दीपक बाबू लाल कारवा ने अपने संबोधन में बच्चों को भविष्य के लिए विभिन्न क्षेत्रों में अपना करियर बनाने के लिए समझदारी एवं आत्मविश्वास के साथ चयन करने सलाह दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि भविष्य निर्माण के लिए पहले से ही प्लानिंग करें, क्योंकि एसा करने से भविष्य निर्माण में आने वाली बहुत सी समस्याओं का सामने करने से बच सकते हैं। उन्होंने बताया कि अगर हम भविष्य निर्माण की रणनीति पहले से ही बना कर चलेंगे तो हमारे लिए सफलता के अवसर अधिक बढ़ जाते हैं। संबोधन के बाद एडीसी ने छात्रों से करियर काउंसलिंग विषय पर सवाल जबाव किए। प्रश्न काल की शुरूआत में तो छात्रों ने थोड़ी झिझक दिखाई लेकिन बाद में छात्रों ने पूरे प्रश्नकाल के दौरान गर्म जोशी से सवाल किए। कुछ छात्र/छात्राओं ने डाक्टर एवं इंजीनियर बनने की इच्छा जाहिर की और कुछ ने विदेश जाने की इच्छा जाहिर की। एडीसी विदेश जाने की इच्छा जाहिर करने वालो नसीहत दी कि वे सही तरीके एवं नियमों का पालन करके जाएं। विदेश भेजने के नाम व ठगी का शिकार हुए अनेक लोगों के उदाहरण देकर छात्रों को अवगत कराया कि बहुत से नकली दलाल विदेश भेजने के नाम पर लोगों के साथ ठगी करने की फिराक में रहते हैं। आपको उन लोगों का शिकार नहीं बनना है। इसी विषय पर कक्षा 12वीं के छात्र गोविंद ने कहा की वह नेता बनना चाहता है और भारत में नए-नए इनोवेशन के साथ देश को विकसित राष्ट्र बनाने में सहयोग करना चाहता है।

करियर काउंसलिंग का यह प्रोग्राम बहुत ही रोचकता पूर्ण ढंग से चला। कार्यक्रम के उपरांत एडीसी ने इस कैंप के सफल आयोजन हेतु प्रधानाचार्य की भी प्रशंसा की। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में भविष्य निर्माण हेतु अपने क्षेत्र विशेष एवं कोर्सेज के चयन के लिए सूझ-बूझ का परिचय देने को कहा। प्राथमिक तौर पर छोटी सी गलती भी भविष्य निर्माण में बाधा बन सकती है। इसलिए जानकारी के साथ ही आगे बढ़ने का प्रयास करें। खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश कैंदल ने भी छात्रों को करियर काउंसलिंग से जुड़ने का आह्वान किया ताकि अनुभवों के आधार पर अपने व्यवसाय एवं कोर्सेज का चयन कर सके।

# हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में महिला सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशिक्षण हुआ आरंभ

## सकारात्मक ऊर्जा के लिए अनिवार्य है योगः डॉ संगीता नेहरा



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 6 फरवरी तक चलेगा। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए राजपत्रित व अराजपत्रित पद के 20 पुलिस अधिकारी भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम का आरंभिक सत्र अकादमी के निदेशक के निर्देशानुसार 'मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन में योग की भूमिका' विषय पर रखा गया ताकि भाग लेने वाले प्रतिभागी मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और इसे अपनी दिचर्या में शामिल कर सकें जो आज के परिवेश में आवश्यक है।

डॉ संगीता नेहरा, निदेशक, आयुष विभाग, हरियाणा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी दिनचर्या में योग, प्राणायाम व व्यायाम को जरूर शामिल करें। क्योंकि इससे जीवन स्वस्थ बनेगा। उन्होंने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के लिए अनिवार्य है, योग जो न केवल हमें शारीरिक रूप से स्वस्थ करता है बल्कि मानसिक रूप से भी स्वस्थ रखता है। योग एक ऐसा माध्यम है जो हमें सकारात्मकता की ओर अग्रसर करता है। सकारात्मक विचारों से शरीर को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है जो हमारी उन्नति में सहायक होती है। उन्होंने पौष्टिक खान-पान की ओर संकेत करते हुए कहा कि सात्विक और ताजे भोजन से शरीर को अधिक ऊर्जा मिलती है और मन में सकारात्मक विचार आते है।

शास्त्रों में भी कहा गया है कि जैसा अन्न वैसा मन। कार्यक्रम में अकादमी की जिला उप-न्यायवादी अनीता रानी ने कहा प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला तथा पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली का आभार व्यक्त किया।

# सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने थाना प्रभारी राजौंद का पदभार संभाला

**एसबी ब्यूरो प्रमुख/निर्मल कुमार**

**राजौंद।** राजौद में थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। जानकारी के अनुसार सब इंस्पेक्टर राजकुमार लगभग दो दशक तक थाना पूंडरी में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। राजौद के पूर्व थाना प्रभारी इंद्र सिंह का स्थानांतरण कैथल हो गया था। तदोपरांत सब इंस्पेक्टर राजकुमार ने राजौद में थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने कहा मीडिया से बात करते हुए कहा कि राजौंद क्षेत्र को नशा मुक्ति बनवाने के लिए पुलिस अधीक्षक कैथल राजेश कालिया के निर्देश अनुसार जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। राजौंद क्षेत्र के स्कूलों, ग्राम पंचायत व नगर-गांव में नुक्कड़ सभाएं करके बच्चों, युवाओं, आम नागरिकों को नशे से होने वाली हानियों से अवगत करवाया जाएगा। नागरिकों से नशे को छोड़कर देश की तरक्की व समृद्धि में योगदान करने की अपील की जाएगी।



उन्होंने सभी अभिभावकों से अनुरोध किया कि युवा होते अपने बच्चों पर दृष्टि रखें। आपका स्नेह, प्यार, जागरूकता आपके बच्चों को नशे से दूर करने में सहयोग करेगी। उन्होंने बताया कि सर्दी का मौसम है धुंध पड़ रही है। वाहन चालक विशेष सावधानी बरतें। धुंध के दौरान वाहनों की स्पीड कम रखें। वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए। चौपाइयां वाहन चालक सीट बेल्ट का प्रयोग करें। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट का प्रयोग करें। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें। अविभावक 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की परमिशन न दे। बुलेट चालक पटाखे बजाने से परहेज करें। नियमों का उल्लंघन करने पर पुलिस अधीक्षक कैथल राजेश कालिया के निर्देश अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। सर्दी व धूंध के मौसम में उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि बाजारों में चौकीदार की व्यवस्था करें व चौकीदार को आर्थिक सहयोग करें।

# गऊओं की सेवा करने से मिलता है मन को सुकूनः हरदीप राणा



**एसबी विशेष संवाददाता/मदन पुरी**

**करनाल।** बसंत पंचमी के पावन पर्व पर मानवता जन शक्ति फाउंडेशन की टीम ने गौकर्ण गौ चिकित्सालय (बेसहारा गोवंश सेवार्थ) दनियालपुर नजदीक बुड्ढा खेड़ा करनाल में गोवंश के लिए सब्जियों का भंडारा लगाया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के संस्थापक हरदीप राणा और उनकी टीम ने पहुंचकर गऊओं की सेवा कर पुण्य प्राप्त किया। इसके लिए हरदीप राणा ने दिनेश गौकर्ण व उनकी समस्त टीम को बधाई दी और कहा कि उनके द्वारा जो यहां पर गोवंश के रखरखाव की व्यवस्था की गई है वह बहुत ही प्रशंसनीय है। क्योंकि गौवंशों की सेवा करने से जहां पुण्य की प्राप्ति होती है वहीं अपने द्वारा किया गया सेवा भाव का कार्य मन को सुकुन देता है। इस अवसर पर हरदीप राणा ने समाजसेवा के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों से अपील की कि वह भी यहां आकर पुण्य के भागी बने और गौवंशों की सेवा करते रहे। सनातन धर्म में गऊओं की सेवा सबसे बड़ी सेवा मानी गई है। जानकारी देते हुए दिनेश गौकर्ण ने बताया कि जिन भी बच्चों के जन्मदिन होते है वो अपने माता-पिता के साथ यहां आकर हरा चारा, सब्जियां, गुड आदि खिलाकर अपना जन्मदिन मनाते है।

इस अवसर पर संस्थापक हरदीप राणा, अनुराधा काम्बोज, संजय वर्मा, सुशील राणा, अनिल चौहान, कर्ण उपस्थित रहे।

# हरियाणा राज्य महिला आयोग की 5 फरवरी को पॉश एक्ट 2013 और पोस्को एक्ट 2012 पर एक दिवसीय कार्यशाला

## कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष मुख्य अतिथि और महिला एवं बाल विकास मंत्री अतिथि होंगी



**एसबी ब्यूरो प्रमुख/विजेश कुमार**

**पंचकूला।** हरियाणा राज्य महिला आयोग द्वारा सेक्टर 5 स्थित इंद्रधनुष ऑडिटोरियम में 5 फरवरी को पॉश एक्ट 2013 और पोस्को एक्ट 2012 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

हरियाणा राज्य महिला आयोग चेयरमैन रेनू भाटिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती विजया रहाटकर मुख्य अतिथि और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेशभर के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों की अध्यापिकाएं, कॉलेज और यूनिवर्सिटी महिला प्रोफेसर, आशा वर्कर, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और पुलिस में नई भर्ती की महिला सिपाही हिस्सा लेंगे।

उन्होंने बताया कि आने वाले समय में आठवीं कक्षा से स्कूली छात्राओं को पॉश एक्ट 2013 और पोस्को एक्ट 2012 के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि 12वीं कक्षा तक उन्हें अपने अधिकारों के प्रति पूर्ण जागरूकता हो। उन्होंने बताया कि आए दिन स्कूलों, कॉलेज व अन्य संस्थाओं में छात्राओं के साथ कोई ना कोई अनहोनी होने की घटना होती रहती है। इसके अलावा स्कूल के बाद या कॉलेज के बाद काम पर जाने वाली युवतियों से भी अनहोनी घटनाएं घटती रहती हैं। ऐसे में उन्हें जानकारी होनी चाहिए कि वह अपनी बात को कैसे और कहां पर रखें।

उन्होंने बताया कि आजकल एनआरआई के मामले हरियाणा राज्य महिला आयोग के सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में हमने एनआरआई मामले की पीड़ित महिलाओं को भी बुलाया है, वह अपनी घटना को रखेंगे, ताकि इस बात को सरकार तक पहुंचाकर ऐसी घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने बताया कि इस मामले में विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय द्वारा संज्ञान लेने की आवश्यकता है। इन सभी विषयों पर कार्यशाला में विस्तार से चर्चा होगी।